आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 13 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-136 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 अगस्त 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

जेसिका पेगुला मॉन्ट्रियल ओपन के फाइनल में

मॉन्ट्रियल,13 अगस्त। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पराजित करकेनेशनल बैंक मॉन्ट्रियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पेगुला ने स्वियातेक की 11 बार सर्विस तोड़ी और 6-2, 6-7 (4), 6-4 से जीत दर्ज की। यह पिछले दो वर्षों में पहला अवसर है जबकि यह अमेरिकी खिलाड़ी सेमीफाइनल की बाधा को पार करने में सफल रही। बारिश के कारण कजाकिस्तान कीतीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना और रूस की 15वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा के बीच रात को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल रविवार तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

मशरूम खाने से एक ही परिवार के 7 लोग बीमार सभी सिम्स में भर्ती

बिलासपुर,13 अगस्त। मशरूम की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 7 लोग बीमार हो गए हैं. जिन्हें बिलासपुर सिम्स में भर्ती कराया गया है. सभी का इलाज जारी है. यह मामला उसलापुर का बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, उसलापुर निवासी यादव परिवार ने बीती रात मशरूम की सब्जी बनाई, परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर खाना खाया. करीब 2 घंटे बाद परिवार के सदस्यों को उल्टियां होने लगी. 2 सदस्यों की हालत गंभीर होने पर संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी गई. फिर बबली यादव, प्रदीप यादव, लीला यादव और उसके पति अविनाश यादव, आशीष यादव, राजनंदनी यादव और प्रेरणा यादव को सिम्स पहुंचाया गया. जहां सभी का इलाज जारी है. सबकी हालत स्थिर बताई जा रही है.

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्टूडेंट्स की आस्था को अंधविश्वास बताने का वीडियो वायरल

बिलासपुर,13 अगस्त। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में यूनिसेफ के जरिये संचालित बिहेवियर क्लब में स्टूडेंट्स को नास्तिकता का पाठ पढ़ाने आरोप है. बिहेवियर क्लब के द्वारा ली जा रही क्लास में देवी-देवताओं पर विवादित टिप्पणी करते हुए पूजा पाठ को अंधविश्वास बताने का वीडियो भी सामने आया है. क्लास का वीडियो वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने क्लब की सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी है. बिलासपुर के गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में यूनिसेफ के सहयोग से बिहेवियर क्लब का गठन किया गया है. विद्यार्थियों में सामाजिक एवं व्यावहारिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है. क्लब में मेंटर्स नियुक्त कर स्टूडेंट्स को क्लब का सदस्य बनाया गया है. बिहेवियर क्लब के सदस्य एवं मेंटर्स सप्ताह में एक दिन मीटिंग करते हैं, जिसमें समाज के उन पहलुओं पर बात की जाती है. जिनमें सामाजिक परिवर्तन की जरूरत है. इसी तरह की क्लास का एक वीडियो सामने आया है. इसमें एक महिला मेंटर अपने आप को नास्तिक बताते हुए स्टूडेंट्स से पूजा-पाठ को अंधविश्वास कह रही है. साथ ही पुरुषों, मंदिर और देवी-देवताओं पर भी टिप्पणी कर रही हैं. जिसे लेकर स्टूडेंट्स ने शिकायत भी की थी.

मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे रायपुर भूपेश बघेल ने किया स्वागत

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे का रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया। बता दें कि कुछ ही देर में जांजगीर-चांपा में भरोसा का सम्मेलन शुरू होने जा रहा है। मल्लिकार्जुन खडगे़ इस सम्मेलन में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए हैं। जल्द सीएम भूपेश बघेल के साथ श्री खडगे़ जांजगीर-चांपा के लिए रवाना होंगे।

विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल

रायपुर, 13 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

विधायक धर्मजीत सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए. केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने धर्मजीत सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाई. धर्मजीत सिंह के साथ रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी एसडी बड़गैया और लोरमी नगर पंचायत के सभापति नरेंद्र गोस्वामी भी भाजपा में शामिल हुए.

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा में प्रवेश का सिलसिला चल रहा है. बड़े नेता, अधिकारी भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं. यह छत्तीसगढ़ में परिवर्तन के संकेत है. मैं भाजपा प्रवेश करने वाले विधायक धर्मजीत सिंह और पूर्व आईएफएस अधिकारी बड़गैया का स्वागत करता हूं. भाजपा के प्रति सबका विश्वास बढ़ रहा है. धर्मजीत सिंह के आने से भाजपा मजबूत होगी. मैं सभी को बहुत बधाई देता हूं. पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा में हम सबके लिए गौरव का क्षण है. धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हुए. मैं उनका हार्दिक स्वागत करता हूं. भाजपा में छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण हस्ती आज भाजपा में शामिल हुए हैं. छत्तीसगढ़ में इसका व्यापक असर दिखेगा. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं. ये प्रवेश इस बात का संकेत है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर है. कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहने के बाद उस पार्टी को छोड़कर आये तो यह साफ है कि कांग्रेस से सबका मोह भंग है. धर्मजीत सिंह सही समय, सही पार्टी में आये हैं. उनके आने से भाजपा की ताकत बढ़ेगी.

भाजपा में शामिल होना गर्व की बात-इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य बना हूं. पूरी दुनिया अभी किसी एक नेता की लोकप्रियता और विश्वसनीयता है, तो वो नरेंद्र मोदी हैं. पूरी दुनिया में भारत को ताकतवर बनाने का पीएम मोदी ने किया है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की वापसी होगी. मैं डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद करता हूं. छत्तीसगढ़ में ईडी और सीडी की सरकार खत्म होगी. 2023 में भाजपा की सरकार बनेगी. 2024 में लोकसभा भी जीतेंगे. मैं विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा. कार्यक्रम के दौरान भाजपा छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी नितिन नबीन, नेता-प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, धरम लाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहे.

नक्सली ने किया सरेंडर

सुकमा। सुकमा जिले में पिछले 17 वर्षो से नक्सल संगठन में सक्रिय इनामी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। महिला नक्सली का नाम माड़वी मल्ले उर्फ गंगी है। सुकमा पुलिस के पुना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरुआत से प्रभावित होकर महिला नक्सली मुख्यधारा में लौटी है।

बडगाम में निकाली गई तिरंगा रैली, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

श्रीनगर,13 अगस्त। बॉटनिकल गार्डन से तिरंगा रैली का नेतृत्व करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, आज हर हाथ में तिरंगा और रैली में जबरदस्त उत्साह, हर कश्मीरी इसके लिए तरस रहा था। आज रैली में भारी भागीदारी उन लोगों के लिए एक बड़ा जवाब है जिन्होंने एक बार दावा किया था कि घाटी में कोई भी तिरंगे को नहीं उठाएगा।भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें खिलाड़ियों, एनजीओ स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों सहित सभी क्षेत्रों के लोग शामिल थे। बडगाम स्टेडियम से पुराने बस स्टैंड तक जुलूस निकालते समय प्रतिभागियों ने तिरंगा भी लहराया।

तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बयान दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि श्रीनगर में तिरंगा रैली में भारी भागीदारी उन लोगों के लिए एक बड़ा जवाब है जिन्होंने एक बार दावा किया था कि अगर अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया गया तो कोई भी तिरंगा नहीं उठाएगा।

बॉटनिकल गार्डन से तिरंगा रैली का नेतृत्व करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा, आज हर हाथ में तिरंगा और रैली में जबरदस्त उत्साह, हर कश्मीरी इसके लिए तरस रहा था। आज रैली में भारी भागीदारी उन लोगों के लिए एक बड़ा जवाब है जिन्होंने एक बार दावा किया था कि घाटी में कोई भी तिरंगे को नहीं उठाएगा। वहीं जिलाधिकारी अक्षय लाब्रू ने तिरंगा रैली के बारे में बात करते हुए कहा, हमें वास्तव में लोगों की संख्या में कटौती करनी पड़ी क्योंकि भारी भीड़ जुट रही थी और सड़कों पर जगह सीमितथी। तिरंगा रैली के दौरान पूरे बडगाम शहर में जय हिंद के नारे सुने जा सकते थे। बता दें, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 अगस्त को लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आग्रह किया था। उन्होंने लोगों से कहा था कि तिरंगा स्वतंत्रता और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही सहित चार जिलों में महसूस किए गए भूकंप के झटके

बिलासपुर,13 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

बिलासपुर-सरगुजा संभाग के चार जिलों - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया और कोरबा जिले में प्रातः 9 बजकर 9 मिनट भूकंप के झटके महसूस किए गए. जमीन में हलचल देखकर अनेक जगहों पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई. गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही स्थित मौसम विभाग ने पुष्टि करते हुए बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 आंकी गई है. जिसका केंद्र कोरबा जिले में 22.79 अक्षांश और 82.16 देशांतर पर जमीन के 0.5 किमी नीचे था. भूकंप की वजह से कोरबा जिले के पसान इलाके में जमीन के हिलने की घटना से लोगों में अफरा-तफरी मच गई. भूकंप की वजह से कई घरों की दीवारों पर दरारें भी पड़ गई है. बहरहाल, भूकंप की वजह से किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है. कोरबा जिले के पसान में भूकंप की वजह से घर की दीवारों में पड़ी दरारें.

जब बच्चों का हाल जानने जमीन पर बैठ गये मंत्री, आश्रम-छात्रावासों का लिया जायजा

रायपुर, 12 अगस्त। छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री मोहन मरकाम जिले के प्रवास पर पहुँचे। इस दौरान वे सुबह 7 बजे मनेंद्रगढ़ विकासखंड के आश्रम-छात्रावासों के निरीक्षण के लिए निकले। प्रभारी मंत्री श्री मरकाम ने जिले के प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास मनेंद्रगढ़, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक जनजाति कन्या छात्रावास मनेंद्रगढ़, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास खोंगापानी, बालिका आश्रम खोंगापानी का निरीक्षण कर छात्रों से बात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें अवगत कराने की बात की। उन्होंने मध्याह्न भोजन में बन रहे भोजन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही हॉस्टल अधीक्षकों सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों को छात्रों के लिए सभी मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित कराने निर्देशित किया।

बीजापुर में नक्सलियों का उत्पात

बीजापुर,13 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने कुटरू इलाके की दरभा सड़क को कई जगह से काटकर मार्ग बंद कर दिया है। नक्सलियों ने बैनर पोस्टर लगाकर सड़क मरम्मत व खनिज परिवहन का विरोध किया है। मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरू थाना क्षेत्र के केतुलनार से दरभा को जोड़ने वाली तीन किलोमीटर सड़क को नक्सलियों ने शनिवार व रविवार की मध्य रात को कई जगहों से काटकर मार्ग को बंद कर दिया हैं। नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी के नाम यहां बैनर-पोस्टर लगाया गया है। बैनर-पोस्टर में नक्सलियों ने सड़क मरम्मत व खनिज परिवहन का विरोध जताया है। एएसपी चन्द्रकांत गवर्णा ने बताया कि दरभा कच्ची सड़क को एक-दो जगह से काटने की सूचना मिल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी दरभा गांव के लिए रवाना कर दिया गया है।

नक्सलियों ने कोटवार को उतारा मौत के घाट

कोंडागांव। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से बड़ी खबर सामने आई है। बस्तर इलाके में नक्सलियों की नापाक करतूतें लगातार देखने मिल रही है। यहां रिंगागोदी गांव में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में कोटवार की हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को खेत में फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। नक्सलियों ने शव के साथ एक पर्चा भी फेंका है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जब चलते वाहन में अचानक लगी आग,लाखों का सामान जलकर खाक

धमतरी 13 अगस्त। धमतरी,नगरी मार्ग पर खड़ादाह के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहाँ चलती 1109 टाटा वाहन में अचानक आ लग गयी। और देखते ही देखते वाहन समेत लोड सामान जलकर खाक हो गया,वहीं वाहन चालक संतोष विश्वास ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। इधर केरेगाँव पुलिस मौके पर पहुँचकर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक ये हादसा उस वक्त हुआ जब 1109 टाटा वाहन राशन,किराना सामान लोड कर रायपुर से उमरकोट,उड़ीसा के लिये निकली थी।उसी दौरान धमतरी,नगरी स्टेट हाईवे पर तड़के सुबह खड़ादाह के पास वाहन में अचानक आग लग गयी। मौके पर फायरब्रिगेड को भी बुलाया गया था,लेकिन जब वाहन और सामान जलकर खाक हो गया था। जिससे वाहन मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि वायर शॉट होने के चलते वाहन में आग लगी है। इधर मामले की सूचना मिलते ही केरेगाँव पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

भरोसे का सम्मलेन: लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही प्रदर्शनी

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

नेताप्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में रविवार को जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन खोखरा में भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया गया जो लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। इस प्रदर्शनी में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को बहुत ही आकर्षक एवं सुरूचिपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया। आमनागरिकों ने इसकी भूरी-भूरी सरहाना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पौने पांच वर्षो के दौरान आमनागरिकों के जीवन में काफी बदलाव आया है।

सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर सुधरा है और लोग सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं के जरिये आमजनता का दिल जीत लिया है। भरोसे के सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिलेवासियों को 467 करोड़ 32 लाख 92 हजार रूपए के कुल 1043 विकास कार्यो की सौगात दिये। इनमें 87 करोड़ 24 लाख 21 हजार रूपए से अधिक के 192 विकास कार्यो का लोकार्पण एवं 379 करोड़ 78 लाख 71 हजार से अधिक रूपए के 851 विकास कार्यो का भूमिपूजन शामिल हैं।

भरोसे के सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, , गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, पीएचई मंत्री गुरू रूद्र कुमार, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया, आबकारी मंत्री कवासी राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत उपस्थित थे।

एक नजर

सैनिक के घर में चोरी

भिलाई 13 अगस्त। खुर्सीपार निवासी एक सैनिक के घर से आठ अगस्त की रात को चोरी की घटना हुई है खुर्सीपार में सैनिक का भाई भी रहता है घटना की रात को वह भी ड्यूटी गया था जब वह वापस लौटा तो उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा था और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर नहीं थे चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन लाख रुपये आकी गई है खुर्सीपार पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि गौतम नगर जोन-एक खुर्सीपार निवासी सैनिक राजदेव वर्तमान में अंबाला कैंट में पदस्थ है। घर पर वह और उसका बड़ा भाई ओमप्रकाश रहता है आठ अगस्त को सैनिक का बड़ा भाई ड्यूटी पर चला गया था अगली सुबह वह खुर्सीपार की घटना, पुलिस ने शुरू की आरोपित की तलाश आठ अगस्त को जब सैनिक का भाई ड्यूटी पर गया था, तब हुई चोरी वापस घर लौटा तो उसे घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवर और कुछ नकदी गायब थे। ओमप्रकाश ने सैनिक राजदेव को इसकी जानकारी दी तो 10 अगस्त को सैनिक राजदेव वापस लौटा। इसके बाद उसने खुर्सीपार थाना में घटना की शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर तलाश शुरू कर दी है अब तक आरोपित के बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी है आरोपित का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है।

सोनिया गांधी नगर केनाल रोड में चाकूबाजी

भिलाई 13 अगस्त। छावनी थाना क्षेत्र के सोनिया गांधी नगर केनाल रोड में बीती रात को चाकूबाजी की घटना हुई सोनिया गांधी नगर केनाल रोड निवासी पीड़ित प्रकाश कुमार निषाद (24) शुक्रवार की रात को घर के पास अपने दोस्त नागेश्वर साहू.व विशाल गुप्ता के साथ बैठकर बात कर रहा था तभी स्वीपर मोहल्ले के पास रहने वाला आरोपित राजकुमार उर्फ राजू वहां पहुंचा आरोपित राजकुमार उर्फ राजू का पीड़ित के दोस्त नागेश्वर साहू से 20 दिन पहले विवाद हुआ था उसी को लेकर आरोपित ने नागेश्वर साहू से गाली गलौज शुरू कर दिया पीड़ित ने आरोपित से कहा कि वह उसके घर के पास गाली गलौज न करे इस बात से नाराज होकर आरोपित ने अपने पास से चाकू निकालकर पीड़ित प्रकाश कुमार निषाद के पेट में घोंप दिया और मौके से फरार हो गया पीड़ित को रात में ही अस्पताल में भर्ती कराया गया छावनी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

दुष्कर्म मामले में प्रकरण दर्ज

भिलाई 13 अगस्त। सोशल मीडिया पर फ्रेंडशिप कर एक युवती बिहार के एक युवक के प्रेमजाल में फंस गई। युवती नर्स है। यह युवक के बुलाने पर मोहन नगर थाना अंतर्गत एक होटल में पहुंची जहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला द्रव्य मिलकर पिला दिया और उसके साथ बलात्कार किया वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। शिकायत पर आरोपी राहुल के खिलाफ मोहन नगर पुलिस ने धारा 376 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच में लिया है मोहननगर टीआई विजय यादव ने बताया कि 2 जुलाई 2023 की घटना है बिहार निवासी आरोपी राहुल कुमार से 25 साल की नर्स की फेसबुक में पहचान हुई आरोपी उसके मोबाइल पर कॉल करने लगा। दोनों की बातचीत होने लगी। युवक बिहार से आकर दुर्ग स्टेशन में मिलने बुलाया वहीं कोल्ड डिक में दवा मिलाकर पिला दिया।बातचीत के बीच उल्टी करने लगी अचेत हो गई आरोपी ने उसके साथ मुंह काला किया वीडियो भी बना लिया दूसरे दिन सुबह वह घर पहुंची आरोपी ने वीडियो और फोटो उसके मोबाइल पर भेज दिया। धमकी दी कि किसी से शिकायत करने पर सारे वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर देगा वह डर गई आरोपी जब बिहार से आता उसे दुर्ग रेलवे स्टेशन आने के लिए दबाव डालता।

स्वतंत्रता दिवस पर रौशन होंगे शासकीय भवन

भिलाई, 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहो का साफ-सफाई कर देश भक्ति गीत का प्रसारण महत्वपूर्ण स्मारकों की सफाई व महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाने आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों में जिम्मेदारी तय की है। स्वतंत्रता दिवस का 76वां वर्षगांठ नगर में उत्साह पूर्वक मनाने तथा लोगो के मन में राष्ट के प्रति देशभक्ति का भाव बढ़ाने शहर के सभी संस्थानों एवं कार्यालय में जहॉ राष्टीय ध्वज फहराया जायेगा वहॉ एवं चौक चौराहों में राष्ट भक्ति गीत का प्रसारण किया जायेगा। निगम के मुख्य कार्यालय सुपेला सहित सभी जोन कार्यालय भवनों को रंगबिरंगे रोशनी से रौशन किया जावेगा। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास ने नगर वासियों से राष्टीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्ष उल्लास से मनाते हुए वीर शहीदो को पुण्य स्मरण करने की अपील की है।

मालवाहक अनियंत्रित होकर पलटा, मजदूर घायल

भिलाई 13 अगस्त। नंदिनी थाना क्षेत्र एक माल वाहक में सवार होकर मजदूरी के लिए जा रहीं सात महिलाएं हादसे का शिकार हो गईं ग्राम मुरमुंदा के पास माल वाहक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि सवार सभी महिलाओं को मामूली चोट लगी और चालक को भी कुछ नहीं हुआ। सभी महिलाओं को पास के ही निजी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार उक्त घटना सुबह की है। सभी महिलाएं अहिवारा की रहने वाली हैं और सभी एक मालवाहक से सवार होकर मजदूरी का काम करने के लिए जा रही थीं इस घटना की थाना में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है।

सड़क, सामुदायिक भवन व स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष का गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया भूमिपूजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली 13 अगस्त। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृह, लोक निर्माण व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि रिसाली निगम क्षेत्र में विकास की संभावना अधिक है। हम नागरिकों की मांग अनुरूप कार्य को पूर्ण कर रहे है। उक्त बातें उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने शनिवार को नेवई मरोदा क्षेत्र में 48 कार्यो का भूमिपूजन किया। इसके लिए शासन ने 4 करोड़ 8 लाख 92 हजार स्वीकृत किया है। मंत्री सबसे पहले वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम दशहरा मैदान पहुंचे। यहां पर उन्होंने नागरिकों से चर्चा भी की। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए जाने पर नेवई क्षेत्र के नागरिकों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री ने कहा कि बड़े प्रोजेक्ट के लिए बीएसपी से लगातार चर्चा हो रही है। रिक्त भूमि मिलने पर वे बड़े प्रोजेक्ट के लिए राशि लाने हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पीसीसी महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसी अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, परमेश्वर कुमार, ईश्वरी साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पार्षद डोमन लाल बारले, विनय नेताम, रेखा देवी, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजू नेताम, ममता यादव, शीला नारखड़े, जमुना ठाकुर, संतू दास, मो. निजाम, शिशिर साहू, अजीत कुमार, संगीता सिंग, संध्या वर्मा आदि उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री का स्वागत वार्ड 20 व 16 के नागरिकों ने धुमधाम से किया। बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ नागरिकों ने अपने विधायक का अभिनंदन भी किया। 1 करोड़ से भी अधिक के विकास कार्य पर आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने मंत्री को शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंट किया।

श्री ताम्रध्वज साहू जी
का कोटि-कोटि आभार
व धन्यवाद

इन कार्यो का हुआ भूमिपूजन

वार्ड 34 में नाली निर्माण 3.99 लाख, नाली निर्माण 2.80 लाख, नाली निर्माण 5.32 लाख, मंच निर्माण 2 लाख, मार्ग संधारण कार्य 4.76 लाख, वार्ड 33 में मंच जीर्णोद्धार कार्य 5 लाख, मंच संधारण 3 लाख, बाउंड्रीवाल एवं टाइल्स लगाने का कार्य 4 लाख, सीसी रोड 2.50 लाख, पूर्व शा. प्रा. शाला. में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, पूर्व शा. मा. शाला. में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 32 में नाली निर्माण 14.25 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, मार्ग संधारण 8.15 लाख, वार्ड 16 पम्प हाउस के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, नेमचंद घर के पास सामुदायिक भवन 5 लाख, विद्युतीकरण 4 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, शीतला तालाब के पास सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 20 में स्ट्राम वाटर ड्रेन निर्माण 14 लाख, शा. प्रा. शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 8.75 लाख, शा. मा. शाला स्टेशन मरोदा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, वार्ड 18 नाली निर्माण 5.33 लाख, पेवर ब्लॉक 6.22 लाख, नाली निर्माण 2.66 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, आंगनबाड़ी के सामने सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड 17 सीसी रोड निर्माण 3.50 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, वार्ड 19 में उद्यान निर्माण 10 लाख, नाली निर्माण 4.26 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 10 लाख, चबुतरा निर्माण 12 लाख, वार्ड 21 में सीसी रोड 8.83 लाख, सीसी रोड 2.72 लाख, सीसी रोड 2.72 लाख, सामुदायिक भवन 10 लाख, सीसी रोड संधारण कार्य 3.62 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य 4.39 लाख, वार्ड 15 में मंच शेड निर्माण 7 लाख, सामुदायिक भवन 7 लाख, मौहारी मरोदा डॉ. साहू क्लीनिक के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण 20 लाख, मौहारी मरोदा शिव हनुमान मंदिर के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण 10 लाख।

ईएमएमएस सेक्टर-9 ने स्पेलिंग का सरताज-2023 में जीता प्रथम पुरस्कार

भिलाई, 13 अगस्त। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज 2023 प्रतियोगिता में इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल, सेक्टर-9 ने प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (शिक्षा) सुश्री शिखा दुबे उपस्थित थीं। सुश्री दुबे ने छात्रों को हमेशा जीवनपर्यंत सीखने की अवस्था में तत्पर बने रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाषा को अपनाना और वर्तनी से अपडेट रहना समय की मांग है। बीएसपी इंटर स्कूल स्पेलिंग का सरताज-2023 प्रतियोगिता के अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-9 की अनुपमा घोषाल व दिव्या मिश्रा की टीम ने, द्वितीय स्थान रूआबांधा विद्यालय के बी कार्तिक व स्तुति सिन्हा की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-5 के जगन्नाथ व मोनालिसा की टीम ने प्राप्त किया। इसी प्रकार बीएसपी इंटर स्कूल ÷स्पेलिंग का सरताज÷ 2023 प्रतियोगिता के हिन्दी श्रेणी में प्रथम स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-9 के वैदिक साहू व नुपूर कौशिक की टीम ने, द्वितीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-7 के मोहित निगम व सौम्य रामटेके की टीम ने तथा तृतीय स्थान ईएमएमएस, सेक्टर-5 की शैषला व निर्विका की टीम ने प्राप्त किया। सहायक प्रबंधक (शिक्षा) सुश्री विभा आर कटियार ने समारोह की अध्यक्षता की। यह प्रतियोगिता ईएमएमएस, सेक्टर-9 की प्रधानाध्यापिका सुश्री संगीता सागर के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग से आयोजित की गई थी। कॉम्पिटिशन का संचालन अंग्रेजी में सहायक महाप्रबंधक (जनसंपर्क) सुश्री अपर्णा चंद्रा द्वारा तथा हिंदी में व्याख्याता, ईएमएमएस सेक्टर-9 एस के तम्बोली द्वारा किया गया था। संचालन सुश्री सुनीता अनिल वासुदेवन ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री जया कुमार ने किया।

फर्जी टीटी बनकर ट्रेनों में सफर करने वाला चढ़ा जीआरपी के हत्थे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई 13 अगस्त। फर्जी टीटी बनकर ट्रेनों में सफर करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। असल में आरोपित एक सब्जी का व्यापारी है और वह दुर्ग से अनूपपुर व मनेंद्रगढ़ तक सब्जी पहुंचाने का काम करता है। किराया देने से बचने के लिए उसने ये पैंतरा अपनाया था। शुक्रवार को उसने एक यात्री का टिकट भी चेक कर लिया, लेकिन उसके हावभाव देखकर यात्री को संदेह हो गया। उसने दुर्ग रेलवे- स्टेशन पर टीटी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद आरोपित पकड़ा गया। उसके पास से रेलवे के रिबन वाला एक फर्जी आइडी कार्ड भी मिला। आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई की गई है जीआरपी प्रभारी राजकुमार बोर्झा ने बताया कि डबरीपारा सूरजपुर निवासी आरोपित अवधेश साहू को फर्जी आइडी कार्ड के साथ गिरफ्तार गया है। आरोपित ने रफीक नाम के एक यात्री का टिकट चेक किया था। रफीक ने उसे टिकट दिखाया, लेकिन उसके हावभाव से संदेहास्पद लगा। उसने उस्लापुर रेलवे स्टेशन पर भी स्टाफ की इसकी जानकारी दी थी, लेकिन तब तक आरोपित गायब हो गया था। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर प्लेटफार्म नंबर चार पर वह व्यक्ति फिर से नजर आया तो रफीक ने रेलवे स्टेशन पर खड़े डिप्टी सीटीआइ पीके यादव और सीसीटीसी चंद्रशेखर को उसके बारे में जानकारी दी। इसके बाद जीआरपी की मदद से आरोपित को गिरफ्तार किया गया बार-बार किराया न देना पड़ इसलिए अपनाई तरकीब आरोपित के गले में रेलवे के रिबन वाला एक आइडी कार्ड भी लटका था। जिस पर उसका नाम संतोष और पदनाम टीए सेकंड ग्रेड लिखा हुआ था। संदेह होने पर आरोपित की तलाशी ली गई तो उसके पास से उसका आधार कार्ड मिला, जिसमें उसका नाम अवधेश साहू लिखा हुआ था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह सब्जी का व्यापारी है। सब्जी ले जाने के लिए उसे बार-बार ट्रेन का किराया देना पड़ता था। साथ ही जीआरपी और आरपीएफ के जवान भी उसे परेशान करते थे। इससे बचने के लिए आरोपित ने ये युक्ति अपनाई थी आरोपित ने फर्जी टीटी बनकर सब्जी परिवहन का काम शुरू किया। वह रेलवे स्टेशन पर कुली की मदद से सब्जी को ट्रेन में चढ़ाता था और खुद ट्रेन में एक जगह से दूसरी जगह घूमते रहता था, ताकि कोई असली टीटी भी मिले तो उसे रेलवे का कर्मचारी समझकर छोड़ दे।

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-दुर्ग

सुपेला संडे बाजार फिर से व्यवस्थित करने कमिश्नर को दिया ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 13 अगस्त। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में सुपेला संडे बाजार व्यवस्थित करने के लिए भिलाई नगर निगम के कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया। कमिश्नर रोहित व्यास ने कहा कि वे स्वयं आकर स्थिति को देखेंगे और बाजार को व्यवस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है। शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है रहती है। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है। यहां से रोज लगभग हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं 100 फीट की सड़क 20 फीट में जाकर सिमट जाती है। व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं। पुलिस को ट्रैफिक को कंट्रोल करना चाहिए ट्रैफिक कंट्रोल ना करते हुए वसूली पर ज्यादा ध्यान दे रही है। सड़क के दोनों तरफ दुकान है यहां आने जाने वाले अपने वाहन को सड़क पर ही पार कर देते हैं कार को बीच रोड में खड़ा कर देते हैं जिसे बोलने वाला कोई नहीं है। इसके साथ ही दोनों और ठेले खोमचे वाले अतिक्रमण कर चुके हैं। शीघ्र ही कलेक्टर एसपी से मिलकर जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा अन्यथा रोड की लड़ाई लड़ी जाएगी। चेतावनी देने वालों मे जनहित संघर्ष समिति के शारदा गुप्ता मदन सिंह पारस जंघेल बंटी नाहर अखिलेश वर्मा ठाकुर निहाल सिंह विजय गुप्ता कन्हैया सोनी निशु पांडे राजेश सिंग श्रीनिवास मिश्रा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

दो पक्षों में विवाद, युवक की हत्या

भिलाई 13 अगस्त। कुम्हारी थाना क्षेत्र मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक पर चाकू से हमला कर हत्या करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वही एक आरोपी को फरार बताया जा रहा है जिसकी पटाए पुलिस जुटी हुई है रामपुर चोरहा गांव में दो पक्षों में वाद विवाद के बाद एक पक्ष ने चाकू से एक युवक पर कई बार वार कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया घटना को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानाम कार्यवाही कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई थी हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पिता पुत्र को पुलिस गिरफ्तार किया है वही मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि भीखम घर के बाहर में गाली गलौज कर रहा था जिसे मृतक कमल बार बार मना रखा था इस बात को लेकर मृतक और आरोपी भीखम में वाद विवाद हुआ विवाद को जानाकारी लगाते ही उसके पिता गणेश और भाई गौतम भी वहां पहुंचे जहां दोनो ने मृतक का हाथ पकड़े और मुख्य आरोपी भीखम अपने पास रखे चाकू से 7 से 8 बार मृतक पर वार किया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई कुम्हारी टीआई केशव कोशले ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी गणेश और गौतम को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है वही फरार मुख्य आरोपी भीखम की पतासाजी में जुटी है।

समाचार संक्षेप

जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष दिनेश बच्चो को निशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण दे रहे

कवर्धा 13 अगस्त। जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष और प्रदेश कबड्डी संघ उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी के द्वारा 50 बच्चो को निशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिनेश चंद्रवंशी ने बताया की खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कवर्धा और छत्तीसगढ़ के साथ साथ भारत देश का नाम रोशन करे ऐसा टारगेट होना चाहिए । पीएम नरेंद्र मोदी शिक्षा और खेल पर लगातार फोकस रखते है और अंतराष्ट्रीय स्तर पर लगातार देश के खिलाड़ी अधिकतर खेलो में मेडल लाकर भारत देश का नाम रोशन कर रहे है।

विधायक देवेंद्र की 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा में भिलाईवासियों ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा

भिलाई 13 अगस्त। आजादी के 76 वे वर्षगाठ पर आज भिलाई नगर क्षेत्र में 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का पहला दिन था। क्षेत्र के युवा विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई रंगे आजादी के रंग नारे के साथ आज तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। हाथों में तिरंगा लिए और देश भक्ति गीत के साथ जनता के साथ विधायक देवेंद्र भिलाई नगर की सड़कों पर उतरे । आजादी के जश्न में और रंग भरने और वीरों के बलिदान को याद करते हुए इस 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा के पहले दिन लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया और देश के प्रति अपने प्रेम और वीरों के बलिदानों को याद करते हुए इस यात्रा की शुरुआत सुबह 7.30 बजे सिविक सेंटर रथ पार्क से ध्वजारोहण के साथ की किया । जिसके बाद यात्रा 8.30 बजे भिलाई होटल कॉलोनी क्षेत्र पहुंची। यहां बच्चों और महिलों ने भी भिलाई विधायक देवेंद्र के साथ इस यात्रा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेक्टर 8 के वसुधा महिला स्व सहायता समूह सेक्टर 8, स्ट्रीट 5 में यात्रा का स्वागत किया गया। जिसके बाद शिव महिला मानस समिति, स्ट्रीट 12, सेक्टर 8, सेक्टर 8 मार्केट व्यवसायिक संघ, वीर हनुमान महिला समूह, सिख सामाज, तेलुगु नाई समाज , तेलुगु रजक समाज, साहू समाज, महाराष्ट्र मंडल , क्रिश्चन समाज ने भी अलग अलग क्षेत्रों में यात्रा का स्वागत किया और पहले दिन की यात्रा को सफल बनाया । जिसके बाद यात्रा के पहले दिन 30 किलोमीटर चलने के बाद विश्राम के लिए रोका गया । कल फिर विधायक देवेंद्र यादव नई ऊर्जा के साथ हाथो में तिरंगा लिए भिलाई में अपनी इस यात्रा के दूसरे पड़ाव पर आगे बढ़ेंगे ।

भाजपा युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव ने की अपनी कार्यकारिणी की घोषणा

भिलाई 13 अगस्त। भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया व युवामोर्चा जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा के अनुशंसा में तथा मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी के सहमति से सोनू यादव ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित संजय शर्मा, महामंत्री प्रशांत बंटी गुप्ता ने सभी को मिठाई खिलाकर स्वागत किया साथ ही बधाई प्रेषित कर भाजपा की मजबूती के लिए निष्ठा समर्पण सेवा भाव से काम करने के लिए शुभकामनाएं दी गयी। जिनमे उपाध्यक्ष लेखराम पाल,राजेश यादव (सुरडूग),विशाल सिंह, ऋषभ बंछोर,किशन गर्ग। मंत्री कुंदन बंजारे,पियूष चौहान, शेषनारायण निषाद,सुरेंद्र यादव,खुमान सिन्हा। कार्यालय प्रभारी सीमांत निर्मलकर,प्रचार मंत्री मयंक तिवारी, सह प्रचार प्रसार मंत्री प्रवीण कुंजाम,मीडिया प्रभारी गौरव वर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू,सोशल मीडिया सह प्रभारी योगेश वर्मा,स्वाध्याय मंडल प्रशिक्षण प्रियांशु वर्मा, नीतिशोध एवं अनुसंधान प्रमुख विमल ठाकुर जी शामिल है।

भाविका और मोहन ने छत्तीसगढ़ को दिलाया कांस्य पदक

भिलाई, 13 अगस्त। काशीपुर (उत्तराखंड) में दिनांक 8 से 13 अगस्त तक चल रही 49वी पुरुष एवं 41वी महिला सीनियर राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के चौथे दिन छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग टीम की खिलाड़ी डी भाविका (+84 किलो वर्ग) एवं सी मोहन कुमार 93 किलो वर्ग (दोनो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) ने अपने अपने वजन ग्रुप में सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के इंटर स्टेट चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफलता पाई है । डी भाविका ने अपने वर्ग में स्कॉट 220 किलो, बेंच प्रेस 115 किलो तथा डेडलिफ़्ट में 165 किलो (कुल टोटल 500 किलो) लिफ़्ट किया है तथा सी मोहन कुमार ने अपने वर्ग में स्कॉट 320 किलो, बेंच प्रेस 175 किलो तथा डेडलिफ़्ट में 275 किलो (कुल टोटल 770 किलो) लिफ्ट किया है । उल्लेखनीय है कि डी भाविका एवं सी मोहन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य, भिलाई इस्पात संयंत्र व भारत देश का मान, सम्मान, गौरव बढ़ाया हैं । ज्ञात हो कि वर्तमान में पॉवर जिम, भिलाई में अभ्यासरत दोनो खिलाड़ी भिलाई इस्पात संयंत्र पावर लिफ्टिंग टीम के लिए अनेको पदक जीते हैं । इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ममता रजक, संतोषी माँझी, डी भाविका एवं सी मोहन कुमार पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरान्वित किया है । इन खिलाड़ियों को प्राप्त उपलब्धियों पर टीम के कोच/मेनेजर मयंक सोनी व कृष्णा साहू की महत्वपूर्ण भूमिका व सहयोग रहा है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़ टीम के समस्त विजेता खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षक को बधाई संदेश भेजा है । छत्तीसगढ़ टीम को खेल विभाग (छत्तीसगढ़ शासन), भिलाई इस्पात संयंत्र एवं छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ़्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों, पॉवर लिफ़्टरों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी है ।

49 MEN & 41 WOMEN SENIOR NATIONAL
QUIPPED POWER LIFTING CHAMPIONSHIP 2023
UDAY RAJ HINDU INTER COLLEGE
2
1
3

डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे का विक्रय, लोगों में उत्साह

भिलाई, 13 अगस्त। हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे का विक्रय किया जा रहा है। ध्वज खरीदने को लेकर लोगों में उत्साह का वातावरण है। उल्लेखनीय है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा की है । हर घर तिरंगा अभियान 2023 के तहत भारत सरकार के द्वारा 13 से 15 अगस्त तक राष्टीय ध्वज अपने निजी मकान या स्थान पर फहराने को कहा गया है। देशवासी 13 से 15 अगस्त तक अपने स्थानों पर तिरंगा ध्वज हरा सकते हैं। इसे लेकर डाकघरों में भी राष्ट्रध्वज विक्रय की व्यवस्था की गयी है । उप डाकघर जवाहर मार्केट के प्रभारी उप डाकपाल सूरज कुमार गायकवाड़ ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि काउंटर से तिरंगे झंडे की बिक्री मात्रा 25 रुपये में की जा रही है। इसे कोई भी नागरिक या संस्था संगठन खरीद सकता है।

एक नजर

राजधानी में 15 अगस्त को विज्ञानदेव महाराज की दिव्य वाणी कथा का आयोजन

रायपुर 13 अगस्त। राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में स्वर्वेद कथा अमृत दिव्य वाणी का आयोजन दोपहर 2बजे से संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के द्वारा किया जाएगा। शताब्दी समारंभ महोत्सव के अवसर पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक का संकल्प यात्रा निकाला जा रहा है। इससे पहले दोपहर 1बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा । जिसमें हजारों लोग शामिल होगें । इसके अलावा उत्कृष्ट खिलाड़ी और बच्ची का सम्मान किया जाएगा।

कलेक्टर ने अवैध निर्माण के 52 प्रकरणों को अनुमति प्रदान की

राजनांदगांव 13 अगस्त। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण हेतु राजस्व, नगर निगम एवं नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने अनुमति के अतिरिक्त तथा बिना अनुमति के अवैध निर्माण प्रकरणों में 52 प्रकरणों को वैध किया। जिनमें डोंगरगांव नगर पंचायत के 43 प्रकरण तथा छुरिया नगर पंचायत के 9 प्रकरण शामिल है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण संशोधन अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों के सीमा क्षेत्र के तहत अनाधिकृत निर्मित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के नियमितिकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसके अंतर्गत अवैध निर्माण के प्रकरणों पर कलेक्टर की अध्यक्षता में अवैध नियमितिकरण के प्रकरणों पर परीक्षण के साथ ही अनुमोदन किया जा रहा है।

2 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

पुलिस थाना छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

राजनांदगांव 13 अगस्त। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु दिये गये सख्त निर्देष के पालन में, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री प्रभात पटेल के मार्गदर्षन में आज दिनांक 12.08.2023 को शराब परिवहन होने की सूचना पर थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में स.उ.नि. मेघनाथ सिन्हा, आर0 1443 भानूप्रताप वर्मा, आर0 1662 प्रकाश कुर्रे के द्वारा इंद्रप्रस्थ स्टेडियम के सामने रेड कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्त 08 रु9651 को रोककर चेक करने पर आरोपी क्र.01.मुकेश कुंभकार पिता प्रभु राम उम्र 31 साल एवं 02.यमन मांडवी पिता महेश मांडवी उम्र 22 साल दोनों निवासी वार्ड नंबर 10 ढीमरापारा छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रूपये मिला। उक्त शराब एवं मोटर साइकिल को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 238/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, स. उ. नि. मेघनाथ सिन्हा, आर0 1443 भानूप्रताप वर्मा, आर0 1662 प्रकाश कुर्रे की विशेष भूमिका रही।

आशीष आहूजा भाजायुमो के जिला उपाध्यक्ष बने

रायपुर 13 अगस्त। आशीष आहूजा के उपाध्यक्ष बन्ने से जवाहर नगर मंडल ,फाफडीह मंडल के कार्यकर्ताओ में हर्ष है। श्री आशीष आहूजा को अंकुश राठौड़, हार्दिक पिठालिया, शेख रियाज, सुनीश लाखवानी, शेख सहजादा, यश भट्टी आदी ने बधाई एवं शुभकमनाये दी। आशीष आहूजा ने अपनी नियुक्ति के लिए अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता एवं सभी वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया है।

मुख्यमंत्री ने नरैया तालाब में रजक गुड़ी, शहरी औद्योगिक पार्क का किया शुभारंभ

हाईटेक रजक गुड़ी में कपड़े धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

रायपुर, 13 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के टिकरापारा स्थित नरैय्या तालाब के पास नवनिर्मित रजक गुड़ी (शहरी औद्योगिक पार्क) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संत गाडगे के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और समाज को लोगों को रजक गुड़ी के लिए बधाई दी। श्री बघेल ने रजक गुड़ी में कपड़े धोने और सूखाने के लिए लगाई गई मशीनों का अवलोकन कर इसके संचालन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर मशीनों का शुभारंभ किया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 69 लाख रुपये की लागत से लगभग 3500 वर्गफीट में तैयार हाईटेक रजक गुड़ी में परंपरागत रूप से कपड़े की धुलाई व प्रेस करने के काम में जुटे रजक समाज को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। रजक गुड़ी में मैनुअल के साथ-साथ आटोमेटिक इलेक्ट्रिकल वॉशिंग मशीन लगाई गई है, जिसमें 25-25 कि.ग्रा. के 02 कपड़े निचोड़ने वाली एक्सपेक्टर मशीन, 60 कि.ग्रा. क्षमता की 01 वॉशर तथा 50 कि.ग्रा. क्षमता वाली 01 ड्रायर मशीन स्थापित की गई है। कपड़े धाने के लिए पानी की टंकियां भी बनाई गई है और कपड़ों को इस्त्री करने की भी अलग व्यवस्था है। धोबी समाज के परिवारों को परंपरागत व्यवसाय के साथ ही उनके रोजगार सृजन की व्यवस्था इस पार्क में की गई है, जिसके अंतर्गत कपड़ा धोने के लिए साबुन और डिटर्जेंट बनाने का भी प्रशिक्षण इन परिवारों को दिया जाएगा। इस रोजगारोन्मुखी योजना का लाभ इस तालाब से जुड़कर परंपरागत व्यवसाय कर रहें धोबी समाज के लगभग 100 परिवारों को प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष श्री सुशील सन्नी अग्रवाल सहित नगर निगम रायपुर और स्मार्ट सिटी रायपुर के अधिकारी एवं रजक समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 अगस्त। विकासखंड के ग्राम अछोली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत के प्रयास से धर्मनगरी से सटे ग्राम पंचायत अछोली की जमीन पर 2 करोड रुपए की लागत से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ के विधायक भुवनेश्वर बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भावेश सिंह के द्वारा रिबन काटकर सामुदायिक भवन के अंदर प्रवेश करते हुए छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर मां बमलेश्वरी देवी के पुजारी दिनेश दुबे एवं उनके साथी द्वारा मंत्र उपचार के साथ विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया गया, तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा पौधों के गमले भेंट कर स्वागत किया गया, स्वागत पश्चात खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी पी एक्का ने क्षेत्र के लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि शहर के बीचोबीच बुधवारी पारा में स्थित सामुदायिक और स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण ओटी एवं ब्लड स्टोरेज यूनिट बंद करना पड़ा था समुदायिक भवन के लोकार्पण पश्चात पुनः चालू किया जाएगा डोंगरगढ़ के जनसंख्या लगभग 2 लाख 40 हजार लोगों को अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जायेगी। बी पी एक्का मैडम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधिकतर स्टाफ नर्स है जो की रात्रि कालीन में भी ड्यूटी पर रहती हैं जिनकी सुरक्षा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाउंड्री वॉल एवं पार्किंग शेड की मांग विधायक से की गई हैं। विधायक भुवनेश्वर बघेल द्वारा अपने उद्बोधन में क्षेत्र के जनता को नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बधाई देते हुए अंचल के मितानिनों का भी बधाई दिया गया। विधायक ने मितानिन बहनो का सम्मान करते हुए कहा कि कोरोना काल में मितान उन्होंने अपने परिवार से ज्यादा क्षेत्र के परिवारों का ध्यान रखा और घर घर जाकर कोरोना का दवाई वितरण किए है इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं साथ में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाउंड्री वॉल हेतु किए गए मांग पर कहा की अगर क्षेत्र की जनता ने हमारे पार्टी को पुनः क्षेत्र का विधायक बनाते हैं तो सबसे पहले अछोली के नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाउंड्री वॉल एवं सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा डॉक्टर बी पी एक्का ने बताया कि वर्तमान में डॉक्टर के पद पर सिर्फ तीन डॉक्टर बी चौधरी, सम्राट जैन, सोमेन्द्र सोनकेडे, स्टाफ नर्स 10 लैब टेक्नीशियन 3, एक्सरे 1 स्टाफ है।

नवाज के नेतृत्व में बीजेपार से भर्रीटोला सड़क का निर्माण कार्य श्रमदान से किया जा रहा

छुरिया 13 अगस्त। भाजपा शासन के पंद्रह सालों मे भी खुज्जी विधानसभा क्षेत्र छुरिया के ग्राम बीजेपार से भर्रीटोला मार्ग अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाता रहा अनेक जनप्रतिनिधि इस गावों के रास्ते आना जाना करते रहे पर किसी जनप्रतिनिधि ने इस गावों की सुध नहीं ली ग्रामीण जन अनेकों बार अपनी पीड़ा लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मिलते रहे पर किसी ने एक न सुनी अंततः ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा जैसे ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान को बताई उन्होंने सरकारी कागजों के इंतजार के बजाय ग्रामीणों की इच्छा के अनुरूप स्वयं श्रमदान का बीड़ा उठाने ग्रामीणों के बीच पहुंच गए। आज सैकड़ों ग्रामीणों के बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने श्रमदान कर सड़क कार्य की शुरुआत की ग्रामीणों में इस बात को लेकर हर्ष है कि अब उनके बच्चे इस सड़क का इस्तेमाल कर स्कूल और ग्रामीणजन अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने सड़क के रास्ते अपनी मंजिल के लिए पग बढ़ा सकेंगे।

डॉक्टरों के साथ मारपीट गाली-गलौज करने वालो के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया

राजनांदगांव 13 अगस्त। थाना बसंतपुर में प्रार्थी डा0 अभिनव पंचारी द्वारा एक लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि दिनांक 10.08.23 को रात्रि करीबन 09:00 बजे आवास एफबी 2 के सामने साहू होटल मे चाय पी रहे थे तभी अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम गोलू गुप्ता है उसके अन्य साथियो जो कि 3-4 की संख्या मे थे के द्वारा उसके साथ मां बहन की गंदी गंदी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किये जाने कि रिपोर्ट पर धारा 294,323,506,34 भादवि अपराध पंजीबद्ध किया गया था विवेचना के दौरान प्रकरण मे धारा 147,148,149,325 भादवि0का पाए जाने पर धारा जोडा जाकर अरोपीयो को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्क कार्यवाही करते हुए धारा 151/107,116(3) जा0फौ0 के तहत गिरफ्तार कर आरोपीगण 01 प्रषांत गुप्ता उर्फ गोलू पिता स्व0 रम्मुलाल उम्र 38 साल निवसी क्लब चौक 02 राहुल यादव पिता महेष यादव उम्र 23 साल निवासी राजीव नगर 03 राकेष साहू पिता रमेष साहू उम्र 30 साल निवासी बंसतपुर वार्ड नं0 46 , 04 साहिल सिंग पिता बृजभान सिंग उम्र 18 साल निवासी वार्ड नं0 46, 05 कन्हैया यादव पिता भगवती यादव उम्र 32 साल निवासी क्लब चौक बसंतपुर सभी साकिनान थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को माननीय न्यायालय भेजा गया।

13 अगस्त से राजधानी में जुटेंगे डोंगरगढ़ के सैकड़ों शिक्षक

डोंगरगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन ने भी किया अनिश्चितकाल आंदोलन का ऐलान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 अगस्त। ब्लॉक के समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग प्रांतीय आह्वान पर अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर दिनांक 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन में हैं आगे इस आंदोलन के संबंध में ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल मोर्य ने बताया कि के समस्त एल बी संवर्ग के समस्त शिक्षक हड़ताल में शामिल हैं। शासन के द्वारा जब तक हमारी एक सूत्रीय मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर , सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर/ क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर / 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जावे उक्त मांग जब तक पूरी नहीं होती तब तक सभी अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा। ब्लॉक सचिव मनीष बडोले एवं सलाहकार जितेन्द्र डाहाट ने संयुक्त बयान जारी कर डोंगरगढ़ के समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों को 13/08/2023 धरना स्थल रायपुर तुता में पहुंचने एवं आंदोलन को और उग्र करने हेतु बढ़ चढ़कर अपना समर्थन देने का आह्वान किया है ।आंदोलन में जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, महिला प्रकोष्ठ प्रवक्ता श्रीमती पुष्पांजलि चंद्राकर, श्रीमती हेमलता पटेल, मुमताज खान, खेमीन साहू,श्रीमती किरण श्रीवास्तव , जोन अध्यक्ष मुकेश कांडे, नंद कुमार साहू, केशवराव विश्वकर्मा, सतीश देहारी, राजकुमार आचले, पूरनलाल नायक, खिलावन निर्मलकर, रोहित यादव, प्रिंस जंघेल, श्रवण कुमार कंडरा, भुनेश्वर वर्मा, चंद्रकांत सहारे, हिलेश्वर वर्मा, लोमस कुमार वर्मा, कुलदीप सिंह तोमर, बी.एस. राव श्रीमती नीरा देशमुख पुरषोत्तम रामटेक टीकम सिह धुर्वे, कृष्णकुमार दुबे, दीपक कुमार चंद्रवंशी, आशकरण जोगी, अरुण कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक धरना में शामिल हुए ।

शक्ति केंद्र क्रमांक-4 एवं 5 बुधवारी पारा में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 अगस्त। शक्ति केंद्र क्रमांक 04 एवं 05 बुधवारी पारा में लाभार्थी सम्मेलन के आयोजन का प्रारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्याम प्रकाश मुखर्जी के शैल चित्र में माल्यार्पण कर प्रमुख रूप से 90 वर्ष के लाभार्थी महिला सुरजा बाई साहू 85 वर्ष मेंहर साहू 82 वर्ष बसंती यादव जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रेरित एवं प्रसन्नता होकर कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिनका सह सम्मान पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने वरिष्ठ महिला का सम्मान कर किया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी अजय तिवारी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, तुलसी मिश्रा, पवन मेश्राम, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जैन कुमार मेश्राम, महामंत्री संतोष राव, लक्ष्मी यादव, सविता दरगढ़, अंचला ठाकुर, वीरेंद्र साहू, वीरेंद्र सोनी, कमलेश उजवने, दिनेश सोनी, दोहन सिंह टंडन मुकेश रामटेके, शैलेंद्र साहू, गगन लारोकर, कचरू साहू, श्याम तिवारी, जयंत साहू, चितरंजन साहू, प्रताप सुखदेवे, अनीता इंदुरकर ,अजय दुबे ,सुरेश शर्मा, डिंपी महापात्र, महेंद्र तिवारी, तारा गोरले जितेंद्र साहू सहित वार्ड के जनमानस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभा कार्यक्रम को सफल बनाया।

मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है:किरण वैष्णव

भारतीय जनता पार्टी मण्डल छुरिया
शक्ति केन्द्र
लाभार्थी सम्मेलन

छुरिया 13 अगस्त। छुरिया शक्ति केंद्र में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें जिसमें जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य रूप से शामिल हुई। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जिसका सीधा लाभ गांव-शहर के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि गरीब परिवार का सपना होता है कि उनका भी पक्का घर हो । आज उस सपने को नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पूरा किया है। महिलाओ को धुंए से मुक्ति दिलाने प्रधानमंत्री उज्जवल योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण किया गया है। जब देश कोरोना जैसी महामारी से जुझ रहा था तब देंश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी को कोरोना का मुफ्त टीकाकरण करवाने का काम किया।नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हर घर में शौचालय बनवाएंगे का काम किया है। नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों की प्रति सम्मान निधि के रूप में हर साल किसान सम्मान निधि देने का काम किया है।श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि राष्ट्र हित में आज नरेंद्र मोदी जी के सरकार में कई ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। धारा 370 हटाकर बडे बडे फैसले लिए हैं। आज लाल चौक में भी गर्व के साथ हमारा तिरंगा लहराया है। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक जैसे निर्णय मोदी जी के सरकार में लिए गए।

श्रीमती वैष्णव ने कहा कि आज छुरिया शक्ति केंद्र स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन में नरेंद्र मोदी जी की योजनाओं का लाभ मिले हितग्राहीयो का सम्मेलन कर उनका सम्मान किया गया। उन्हें मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया व 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा का कमल खिलाकर 2024 में पुनः नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाकर डबल इंजन की सरकार बनाने का आवाहन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल,जिला कार्यकारिणी सदस्य रोमी भाटिया, बुथ अध्यक्ष अशोक मालेकर,बुथ अध्यक्ष प्रकाश साहु,पार्षद भारती रजक,पार्षद दौपद्री उईके,पार्षद सीमा सिन्हा, पार्षद भूषण नेताम,पार्षद रमेश कश्यप,पार्षद योगेश्वर पटेल, सुनील मालेकर,कौशल कुम्भकार,मंडल मंत्री संगीत यादव,लक्ष्मी यादव ,प्रफुल राजपूत, विश्वकर्मा, सोनु कसेर,नाथु रजक ,टुम्मन देवागन ,लेबराम कुम्भकार,रूपेश चन्द्रवंशी,विमला कुम्भकार, चैती कुम्भकार, पल्टिन बाई, ज्ञानेश्वरी कुंभकार, सुखालू कुंभकार बैजनाथ पटेल तुकाराम कुंभकार उर्मिला बाई, जयप्रकाश, रामटेके, लिखन गांवरे, संजय कुंभकार सहित बुथ के कार्यकर्ता व लाभार्थी उपस्थित थे।

मोहला मानपुर विधानसभा में हितग्राही कार्ड अभियान की शुरुआत की गई

मोहला 13 अगस्त। छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हाह पर जिला पंचायत सदस्य बीरेन्द्र मसिया के मार्गदर्शन में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं एनएसयूआई द्वारा मोहला मानपुर विधानसभा के ग्राम बिहरीकला में हितग्राही कार्ड अभियान की शुरुआत की गई । मौके पर डोर टू डोर जाकर सैकड़ो लोगो का हितग्राही कार्ड पंजीयन किया गया । हितग्राही कार्ड के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंच रहा है । यदि नहीं पहुंच रहा है तो उसकी जानकारी हितग्राही कार्ड में भरकर योजनाओं का लाभ नहीं मिलने वालो को छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का लाभान्वित करने के लिए यह कदम उठाया गया है । जो पूरे विधानसभा में चलेगा। हितग्राही कार्ड पंजीयन के शुरुआत के कार्यक्रम में युवा नेता मुन्ना परिहार, एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष हिमांशु मेश्राम (लाला भाऊ) , एनएसयूआई जिला महासचिव योगेंद्र परिहार , एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष वैभव परिहार , सौरभ मिलिंद , अभिषेक वारके , देवेंद्र कुंजाम , योगेश पटेल , तुषार मेश्राम , शुभम , तिजऊराम , नारायण कोलामे एवं समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम रानीतराई के मतदान केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव 13 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीतराई के मतदान केन्द्र क्रमांक 161 का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बीएलओ एवं अवहित अधिकारी को पुनरीक्षण अभियान के तहत 31 अगस्त तक नियमित रूप से मतदान केन्द्र में आवेदन जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नवीन मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने कहा। जिले में नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

धूमधाम से निकली बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की पालकी शोभायात्रा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 13 अगस्त। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में भक्तो द्वारा बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की पालकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाला गया। महावीर प्रांगण में शिव भक्तों के द्वारा सावन के पुरुषोत्तम मास में बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर रूप में बाबा की भव्य पालकी शोभायात्रा दोपहर महावीर मंदिर प्रांगण से हरिहर का मिलन पूजन के बाद पालकी नगर भ्रमण के लिए निकली जिसमे अखाड़ा,धुमाल, शिव लीला,भजन टोली,झांझ मंजीरा,डमरू टोली, बाबा की पालकी,बाजा गाजा,महाकाल झांकी का दर्शन भक्तो को मिला। सभी महाकाल भक्त पारंपरिक वेशभूषा पुरुष वर्ग कुर्ता पैजामा/धोती बनियान महिला वर्ग साड़ी/सूट में सज्जित थे व जिन मार्गो से पालकी जानी थी उन स्थानों पर समाजो व संगठनों द्वारा स्वागत पुष्प वर्षा की व्यवस्था की गई थी इसी कड़ी में नगर के रेलवे चौक में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष तरुण हत्थेल की उपस्थिति में सदस्यों के द्वारा पालकी शोभायात्रा में गुलाब के पत्तियों की पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में माताएं अपने घर के बाल गोपालो को शिव पार्वती,हनुमान राम कृष्ण जी की वेशभूषा में तैयार करके लाई थी जो मनमोहक दृश्य था व संस्कारधानी राजनांदगांव से आई देव व भूत पिचासो की टोली आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाइव भजनों की प्रस्तुति जिसमे नगर के भजन गायक निखिल जैन,मयूर बिंदल व मयंक बिंदल के भजनों का आनंद बाबा के भक्तो का मन मोह लिया और भक्त बाबा महाकाल के जयघोष जयकारो की गुंजन से धर्मनगरी को भक्तिमय बना दिया। बाबा की पालकी शोभायात्रा महावीर मंदिर से शीतला मन्दिर एक्सिस बैंक रोड, गोल बाजार, श्री हनुमान चौक,सेठ पारा, जयस्तंभ चौक,टॉकीज चौक, रेलवे चौक,बुधवारी पारा, भंडारी गली, नया बस स्टैंड, पिपलेश्वर महादेव मंदिर चाल,जैन मंदिर रोड,भगत सिंह चौक,मुख्य बाबा कचहरी चौक, ठेठवार पारा शिव मंदिर में महाआरती प्रसादी समापन किया गया। इस दौरान चौक चौराहों में शोभायात्रा के स्वागत के लिए भक्तो के द्वारा कमल पुष्प, श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए भक्तो को जलपान सहित प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा में महाकाल भक्त पवन डागा, नीलू शर्मा,योगेश पांडे,राजेश डागा, प्रशांत अग्रवाल,राकेश यादव, हेतल भोजवानी, भावेश शर्मा ,गोलू ठाकुर, प्रह्लाद सिन्हा, ओमकार सिंह ठाकुर, चन्द्रभान साहू डोंगरगांव से सुनील टावरी साथ ही नगर के सभी समाज प्रमुख समिति संगठन व राजनैतिक दल के सदस्य व नगर के वरिष्ठजन उपस्थित रहे जिसमे सुनील तापड़िया,विश्वनाथ यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आशीष शुक्ला, गोपाल खेमका, गोविंद चोपड़ा,अमित जैन,राजेन्द्र कोठारी,सन्तु राव,प्रफुल चावड़ा, राधावल्लभ तापड़िया, गोपाल दम्माणी,मनीष दरगड,विजय अग्रवाल,कैलाश शर्मा,अमित छाबड़ा,वीरेंद्र साहू,विमल अग्रवाल,सुमित मिश्रा,अजय दुबे,भोला सिंह,अभिषेक साहू,रमन डोंगरे,शंशाक काले,गिरीश साहू,नंदू निषाद,समिति के हनी गुप्ता, नीरज चोरड़िया,निशांत शर्मा,रजत देशपांडे,नितिन शर्मा, अक्षय चौरडिया,हिमांशु गुप्ता,अखिलेश गडेवाल,गोलू संगम आदि शामिल हुए।

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।दुनियाभर में फिल्म 300 करोड़ रुपये की कमाई की और बढ़ रही है, वहीं भारत में भी फिल्म 150 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो सकती है।हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई की रफ्तार लगातार घटती जा रही है और अब इसकी मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं।

कलाकारों ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने स्कूल में होने वाले झंडारोहण समारोह को याद किया!

भारत में हर साल 15 अगस्त को बड़े गर्व और प्रसन्नता के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है और राष्ट्रगान गाया जाता है, ताकि हमारे स्वाधीनता सेनानियों के प्रयत्नों और बलिदानों को सम्मान दिया जा सके। इस स्वतंत्रता दिवस पर टेलीविजन के कलाकार बीते दिनों को याद करते हुए अपने स्कूली समारोहों में भारत का झंडा फहराने की यादें ताजा कर रहे हैं। ये कलाकार हैं गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश), नेहा जोशी ('दूसरी माँ' की यशोदा) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश, यानि गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मैंने मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी की और उन दिनों स्वतंत्रता दिवस मनाने में बड़ी खुशी मिलती थी। मैं हर साल अपने सहपाठियों के साथ सफेद सलवार कमीज पहनकर तिरंगे जैसा दुपट्टा ओढ़ती थी और मंच पर देशभक्ति के गानों पर प्रस्तुति देती थी। मैंने भारत के विभिन्न नृत्य रूप दिखाते हुए नृत्य प्रस्तुतियों में बड़े उत्साह से भाग लिया है। मेरे स्कूल के दिनों से संजोयी हुई यह यादें मेरे दिल के करीब हैं और मैंने ऐसी गतिविधियों से जुड़ने का मौका कभी नहीं छोड़ा। उस दिन की सबसे बड़ी बात होती थी आवश्यक और यादगार तौर पर होने वाला झंडारोहण समारोह। अपने भारतीय झंडे को खूबसूरती से आसमान में फहरते हुए देखकर मुझे हमेशा बहुत खुशी होती थी। इस समारोह के बाद मेरे दोस्त और मैं हमारे प्रिंसिपल द्वारा प्यार से दिये जाने वाले मोतीचूर के लड्डू और स्नैक्स खाने के लिये इकट्ठा हो जाते थे। मुझे उन दिनों की याद आती है, लेकिन अब मुझे अपनी कम्युनिटी में हर स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने का अधिकार है और इसमें मुझे बहुत खुशी मिलती है और गर्व होता है।'' 'दूसरी माँ' की यशोदा, ऊर्फ नेहा जोशी ने कहा, ''स्वतंत्रता दिवस पर मुझे हमेशा अपने स्कूल के दिनों और देशभक्ति की भावना की याद आती है, जो समारोह के दौरान हम सभी में होती थी। आज भी ऐसी हर घटना मुझे एक भारतीय के तौर पर बड़े गर्व से भर देती है। पुणे में मेरे स्कूल के दिनों की यादें अब भी ताजा हैं। मैं और मेरे सहपाठी हर साल जोश से भरी लेज़िम डांस की प्रस्तुति के लिये तैयारी करते थे, जिसमें ढोल बजते थे और फिर झंडारोहण समारोह होता था। हम पूरे समर्पण के साथ एक महीने पहले से ही अभ्यास करते हुए कोरियोग्राफी को परफेक्ट बनाते थे। जोरदार प्रस्तुति के बाद, मुझे आज भी स्कूल असेम्बली में खड़े होकर फहराता हुआ झंडा देखने की बात याद है और उसे देखकर गर्व से मेरे रोंगटे खड़े हो जाते थे। वह क्षण भावनाओं से भरा होता था। इसके बाद मैं और मेरे दोस्त इकट्ठा होकर स्नैक्स पर टूट पड़ते थे और उस दिन के महत्व को जानते थे। वह यादें निश्चित रूप से असाधारण हैं और उनकी मेरे दिल पर एक अमिट छाप

अभिनेत्रियां इस तरह रखती हैं अपने खूबसूरत बालों का ख्याल!

स्किनकेयर रूटीन की तरह ही अपने बालों की जरूरतों का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है। कुछ ऐसी ही चीजें हैं जो चमकते और मजबूत बाल पाने में अहम भूमिका निभाती हैं, तो जाहिर-सी बात है ऐसे में एक अच्छा और तय हेयरकेयर रीजिम बनाना जरूरी हो जाता है। कुछ एक्टर्स ने खूबसूरत, घने और हेल्दी बाल बनाए रखने के अपने जरूरी हेयरकेयर रूटीन के राज से परदा उठाया है। उन एक्टर्स में शामिल हैं, गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश), नेहा जोशी ('दूसरी मां' की यशोदा) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश यानी, गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मैं परंपराओं को मानती हूं और यही पसंद मेरे हेयरकेयर के तौर-तरीकों में भी है। मजबूत और लहराते बालों को बनाए रखने के नियमों में हफ्ते में एक बार नारियल तेल की मालिश शामिल है। बालों को घना बनाने में तेल की मालिश बहुत ही फायदेमंद साबित हुई है। इसका सारा श्रेय स्कैल्प में खून का संचार बेहतर बनाने और बालों की जड़ों को पोषण देने वाले इस गुणकारी तेल को जाता है। मैं अपने बालों की जड़ों को मजबूती देने के लिए नारियल तेल, आंवला पावडर, अंडे का पीला भाग और पानी जैसी बेहतरीन चीजों का मिश्रण इस्तेमाल करती हूं। गहराई से कंडीशनिंग करने वाला यह मास्क मेरे बालों को बेहतर बनाता है और मुझे सही मायने में खूबसूरती का अहसास कराता है। नेहा जोशी उर्फ, 'दूसरी मां' की यशोदा का कहना है, ''हेयरकेयर में मैं सिर्फ एक ही बात का ध्यान रखती हूं, अपने बालों की प्राकृतिक स्थिति बनाए रखना। मैं केमिकल से भरे हुए प्रोडक्ट्स से बालों को कलर करने से बचाती हूं और इन्हें नुकसान से बचाने के लिए स्ट्रेटनिंग या आयरनिंग नहीं करती। इसकी जगह, फोटोशूट के लिए मैं विग्स का इस्तेमाल करती हूं। बालों की नैचुरल नमी नष्ट होने और हेयर फॉलिकल्स को कमजोर होने से बचाने के लिए, जब भी बालों को धोती हूं ब्लो ड्राई की जगह एअर-ड्राई करना पसंद करती हूं। मैं काफी सोच-समझकर हेयर प्रोडक्ट्स चुनती हूं, बहुत ही माइल्ड शैम्पू और कंडीशनर लगाती हूं। महीने में दो बार हेड मसाज करती हूं, जिससे मेरे बालों में नमी आती है और खून का संचार अच्छा हो जाता है। इसकी वजह से बाल मजबूत बनते हैं। रूखापन कम करने के लिए, मैं बहुत ही हल्के हाथों से अपने कर्ल को सुलझाती हूं और कंघी करती हूं।

साथ ही मैं अपने बालों का बहुत ख्याल रखती हूं।''शुभांगी अत्रे उर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी का कहना है, ''रूखे और उलझे बालों की समस्या तो चलती रहती है, चाहे साल का कोई भी मौसम हो। हफ्ते में एक बार बालों की ऑयलिंग और स्कैल्प की मसाज कर पोषण देने से काफी फायदा होता है। बचपन में मेरी मां बड़े ही प्यार से मेरे सिर की मालिश किया करती थीं, उस परंपरा को मैं आज भी निभा रही हूं। वैसे अपनी मां का वह स्नेह भरा स्पर्श मिस करती हूं, क्योंकि हम अब अलग-अलग शहरों में रहते हैं। अच्छी आदतें बनी रहनी चाहिए, इस बात को समझते हुए मैंने इसे बरकरार रखा है। हफ्ते में एक बार बालों में तेल लगाना और सिर की मालिश करना, मेरी दिनचर्या का एक स्थायी हिस्सा बन गया है। मैंने पाया है कि एलोवेरा, ग्रीन टी और ऑलिव ऑयल जैसी प्राकृतिक चीजों की ताकत का उपयोग बालों के डैमेज होने और रूखे, बेजान बाल और बालों के झड़ने की समस्या को ठीक करने में काफी असरदार होता है। बालों को टूटने से बचाने के लिए सही कंघी का इस्तेमाल करना भी जरूरी है। मैं अपने उलझे बालों को सुलझाने के लिए और उन पर दबाव कम करने के लिए चैड़े दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करती हूं।''

राजेश सिंह, गीतांजलि मिश्रा ने भोपाल में झील की मनमोहक खूबसूरती का आनंद उठाया

एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में नई राजेश सिंह (रज्जो) की भूमिका में गीतांजलि मिश्रा की एंट्री ने दर्शकों को काफी रोमांचित किया है। गीतांजलि ने 8 और 9 अगस्त को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का दौरा कर प्रशंसकों को खुश कर दिया। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने प्रशंसकों से बात की, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया, अपर लेक पर बोटिंग का आनंद उठाया और चैक बाजार के स्वादिष्ट पकवानों का भी स्वाद चखा। अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, राजेश सिंह की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''भोपाल का सफर जादुई था। वहाँ घूमने के दौरान 'हप्पू की उलटन पलटन' के प्रशंसकों के असीम लगाव को देखकर मेरा दिल खुश हो गया। प्रशंसकों ने मुझे प्यार से राजेश कहकर पुकारा और हर जगह से नये शो में मेरी कोशिश को शुभकामनाएं मिलीं, चारों ओर से मिले इस जबर्दस्त समर्थन ने सचमुच मेरा दिन बना दिया। कई लोगों ने दरोगा हप्पू सिंह जी के बारे में भी पूछा और मैंने मजाक में जवाब दिया कि 'वह पुलिस की ड्यूटी में व्यस्त हैं' (हंसती हैं)।'' दोबारा शहर घूमने के बारे में गीतांजलि ने कहा, ''भोपाल की मनमोहक झील किनारे का नजारा मेरे लिये स्वर्ग है। झील किनारे दाल बाफला, गुलाब जामुन, मावा बाटी और मशहूर भोपाली पान खाकर असली आनंद मिला। वास्तुशिल्प की हर कृति और ऐतिहासिक माहौल मुझे बहुत पसंद आया जिसे मैं लंबे समय तक संजोकर रखूंगी। चैक बाजार में मैंने खरीदारी का खूब मजा लिया, चांदी के गहने, मखमली पर्स, हाथ से बनी कीमती चीजें और सदाबहार विरासती सामान खरीदे। पारंपरिक भोपाली कला और एम्ब्रॉइडरी वाले कुशंस मुझे बहुत पसंद आये, और मैंने अपने प्रियजनों के लिए इन्हें खरीद लिया। भोपाल की खूबसूरती को लेकर मेरा प्यार और बढ़ गया है और यह हर यात्रा के साथ और मजबूत होता जाता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में नई राजेश सिंह की अपनी भूमिका के बारे में गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मैं भारत में सबसे ज्यादा प्यार पाने वाले किरदारों में से एक, 'राजेश' की भूमिका निभाने का मौका मिलने पर उत्साहित हूँ। एक दर्शक के तौर पर मैंने इस शो को हमेशा इसके दिलचस्प किरदारों और मनोरंजक कहानियों के कारण देखना पसंद किया है। यह शो मनोरंजन करने से कभी नहीं चूकता है और इसमें दर्शकों के लिये हमेशा कुछ न कुछ मजेदार और रोमांचक रहता है। मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा किरदार निभाने को मिलेगा, जिसे मैंने टेलीविजन पर देखना पसंद किया हो। मैं शब्दों में नहीं बता सकती कि मुझे कितना अच्छा लग रहा है और इससे भी ज्यादा बेहतरीन है अनुभवी और उल्लेखनीय कलाकारों के साथ पर्दे पर आने का मौका मिलना, जैसे कि योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह), हिमानी शिवपुरी जी (कटोरी अम्मा) और बाकी पलटन। मैं एण्डटीवी और हमारे प्रोड्यूसर्स संजय और बिनाइफर कोहली जी की बहुत आभारी हूँ, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे यह शानदार मौका दिया।'' राजेश के किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुए, उन्होंने कहा, ''एक स्थापित भूमिका को निभाना कभी आसान नहीं होता है, क्योंकि दर्शकों का एक्टर और किरदार, दोनों

I Love Bhopal

इंडियाज़ बेस्ट डांसर-3 पर अभिषेक बच्चन ने खुलासा किया, मेरे लिए मेरी मां और पा मेरे सपोर्ट सिस्टम हैं

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का प्रसिद्ध डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 अपने आगामी 'आज़ादी की कहानी' विशेष एपिसोड के साथ बहुत धूमधाम से भारतीय स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ का भव्य उत्सव मनाने के लिए तैयार है। प्रतियोगी अपने कोरियोग्राफ़र्स के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाले डांस एक्ट के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों का श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनकी कहानियों को जीवंत करेंगे। इस विशेष एपिसोड में 'घूमर' की स्टार कास्ट - अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर शामिल होंगी। प्रतिष्ठित सिंगर, महालक्ष्मी अय्यर, कविता सेठ, शान, बिक्रम घोष और हरिहरन की उपस्थिति से शो की शोभा बढ़ाएंगे, जो अपने आगामी गीत 'ये देश' को प्रमोट करने के लिए आएंगे।

प्रतियोगी अक्षय पाल का अपने नए कोरियोग्राफ़र सुभ्रनील पॉल के साथ का परफॉर्मेंस, एपिसोड में असाधारण पलों में से एक था। दोनों ने भारत के इतिहास को दर्शाते हुए एक शक्तिशाली डांस परफॉर्मेंस दिया और ब्रिटिश औपनिवेशिक युग के दौरान किसानों के संघर्ष को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। उनके एक्ट में सुल्तान, चक दे इंडिया और फिल्म लगान के गाने मितवा के ज़रिए किसानों के अधिकारों के लिए महात्मा गांधी की अटूट लड़ाई को भी दर्शाया गया। उनके भावनात्मक और प्रभावशाली प्रदर्शन की जजों के सम्मानित पैनल ने दिल से प्रशंसा की।

जज सोनाली बेंद्रे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, ÷अक्षय, मुझे यह बताना होगा कि आपका कोरियोग्राफ़र तीसरी बार बदला गया है। सुष्मिता को मेडिकल इमरजेंसी के कारण शो छोड़ना पड़ा, और अक्षय के कोरियोग्राफ़र अमरदीप बीमार हैं। किस्मत से बनी ये जोड़ी, और परफॉर्मेंस लुभावनी थी। अक्षय, आप हर कोरियोग्राफ़र के साथ तालमेल बिठा लेते हैं और यह प्रभावशाली है। मैंने जाना है कि आपके पास अपने गुरुओं के सकारात्मक गुणों को अपनाने की क्षमता है, यह एक मूल्यवान गुण है। चूंकि हम अपनी यात्रा में कई गुरुओं से मिलते हैं, इसलिए हर एक से सीखना महत्वपूर्ण है। आपने अपने गुरुओं से मिले सर्वश्रेष्ठ ज्ञान को आत्मसात किया है। बधाई हो, शाबाश। सुभ्रनील, हमने हमेशा आपकी परफॉर्मेंस की तारीफ की है, लेकिन इस बार, मैंने आपकी कलात्मकता का एक अलग पहलू देखा। इस एक्ट की गहराई और इसके स्तर वास्तव में मनोरम थे। अक्षय और सुभ्रनील, %आज़ादी की कहानी% में आपके स्तरित चित्रण ने भारत के सर्वश्रेष्ठ डांसर की उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया। आपको सलाम। बधाई हो, अक्षय और सुभ्रनील।

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने तारीफ करते हुए कहा, ÷अविश्वसनीय! आपने जो कहानी प्रदर्शित की है, वह आपके डांस मूव्स के साथ मिलकर शानदार बन गई है। ऐसा नहीं लगता कि आप लोग पहली बार एक साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि आप अरसे से एक साथ डांस कर रहे हैं। यह अक्षय के लिए भी तारीफ है क्योंकि टीम के सफल होने के लिए टीम वर्क महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि आपका रिश्ता अच्छा रहेगा, और मेरी कामना है कि आपके सभी प्रयास सफल हों।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷हमारे जीवन में, कई लोग आते हैं और हमें मूल्यवान सबक सिखाते हैं, लेकिन हमारी मां और पिताजी हमारे पहले गुरु हैं, जो अंत तक साथ रहते हैं। मेरे लिए, मेरी मां और पापा मेरे सबसे बड़े समर्थक हैं।

उल्का गुप्ता और मनीष खन्ना सोनी सब के ध्रुव तारा की कास्ट में शामिल हुए

सोनी सब का समय-यात्रा वाला मनमोहक रोमांस ड्रामा 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे', अपनी आकर्षक कहानी और अप्रत्याशित ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, जिससे दर्शक उत्सुकता से बंधे हुए हैं। इसमें ध्रुव की भूमिका में ईशान धवन और तारा की भूमिका में रिया शर्मा हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, आगामी एपिसोड नए स्तर का उत्साह पेश करने के लिए तैयार हैं क्योंकि उल्का गुप्ता लापरवाह और घमंडी श्याम मोहिनी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी मनीष खन्ना विक्रमजीत की भूमिका निभाते हैं, जिसका लक्ष्य सेनापति सम्राट (विनीत चौधरी) की मदद से वल्लभगढ़ राज्य पर कब्ज़ा करना है। उनका आगमन से निश्चित रूप से कहानी में एक नया रोमांचक मोड़ आएगा, जिससे दर्शक और अधिक उत्सुक हो जाएंगे। महाराज (यश टोंक) के निधन से वल्लभगढ़ में चारों ओर से उथल-पुथल मच जाती है। आस-पास के राज्य इस अराजकता को वल्लभगढ़ पर कब्ज़ा करने के अवसर के रूप में देखते हैं। इस बीच, विक्रमगढ़ से विक्रमजीत अपनी बेटी श्याम मोहिनी के साथ वल्लभगढ़ पहुंचते हैं, हर किसी के अपने-अपने कारण होते हैं। वल्लभगढ़ की नियति में अनिश्चितता फैली हुई है, जिससे हमारे सामने यह सवाल खड़ा किया है- कभी संपन्न रहे इस राज्य के नसीब में आगे क्या लिखा है?

हिंदुस्तान की हिफाज़त के लिए मैं कुछ भी कर सकता हूं

इस इंडिपेंडेंस डे पर, दिल में देशभक्ति का जज़्बा लिए अमनदीप के जबर्दस्त हौसले का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए, जिसका रोल सबके दिलों की धड़कन सिद्धार्थ मल्होत्रा ने निभाया है। इस निडर रॉ एजेंट की रोमांचक कहानी के साथ एंड पिक्चर्स के '10ऑन10' बर्थडे सेलिब्रेशन्स का सफर जारी है। 'मिशन मजनू' में आप देखेंगे एक मिशन, एक जासूस और एक बहादुर एजेंट अमनदीप सिंह की यादगार कहानी! शांतनु बागची के निर्देशन में बनी यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो सही मायनों में देशभक्ति की भावना जगाती है। तेजतर्रार रॉ एजेंट अमनदीप को अपने देश की रक्षा के लिए एक बहुत अहम मिशन पर भेजा जाता है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की परफॉर्मेंस ने 'मजनू' की पूरी परिभाषा ही बदल दी है, जहां उन्होंने न सिर्फ सबका दिल छू लिया, बल्कि पूरे देश की पसंदीदा एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ दर्शकों को रोमांच से भी भर दिया और इसे वाकई एक 10ऑन10 फिल्म बनाया। तो इस इंडिपेंडेंस डे पर आप भी हमारे मजनू के साथ उसके खुफिया मिशन पर निकल पड़िए, जहां वो 15 अगस्त को रात 8 बजे 'मिशन मजनू' के इंडिपेंडेंस डे प्रीमियर के साथ आईएसआई के सबसे खतरनाक राज़ का पर्दाफाश करेंगे। मिशन मजनू के इंडिपेंडेंस डे प्रीमियर को लेकर बेहद उत्साहित सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा, ÷मेरी परवरिश एक सैन्य परिवार में हुई है और ऐसे में जांबाज़ी की सच्ची कहानियां हमेशा मुझे आकर्षित करती हैं। यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इसमें देशभक्ति का जज़्बा है, जो सबके दिलों में बसा है। अमनदीप की कहानी पेश करना एक रोमांचक अनुभव था और मुझे यकीन है कि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाला मिशन मजनू का प्रीमियर पूरे भारत के देशभक्ति के जज़्बे को एक शानदार सलामी होगी।÷

Vkonnect S
Events and Entertainment
Celebrity Management | PR | Media
Presents
IONAL GLORY
023
Outstanding
IGA

ओलंपिक जज मयूर व्यास को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड कंगना राणावत ने दिया

भारतीय डाइविंग टीम के वर्तमान कोच व अंतरराष्ट्रीय डाइविंग स्पर्धाओं में जज की भूमिका निभा चुके भूतपूर्व भारतीय डाइविंग व वाटरपोलो खिलाड़ी मयूर व्यास को अभी हाल ही में मुम्बई के जुहू स्थित नोवाटेल होटल में हुए अंतरराष्ट्रीय ग्लोरी सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री कँगना रानाउत के हाथों लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया । मयूर व्यास को यह सम्मान उनके स्पोर्ट्स के क्षेत्र में अब तक के योगदानों को देखते हुए दिया गया है । यह सम्मान समारोह भारत का एक प्रतिष्ठित कॉरपोरेट सम्मान समारोह है । मयूर व्यास को अवॉर्ड देते समय कँगना रानाउत ने कहा कि श्री व्यास भारत का नाम स्पोर्ट्स के क्षेत्र में दुनिया भर में रौशन कर रहे हैं, और इनके ही सतत प्रयासों से आज युवाओं में डाइविंग के प्रति रुझान बढ़ा है । ओलम्पिक में जज बनकर इन्होंने देश का मान बढ़ाया है । मयूर व्यास ने भी यह अवॉर्ड कँगना के हाथों हासिल करने के बाद कहा कि वे इस पूरे ज्यूरी पैनल का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने देश की जानी मानी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का काम किया है । इस समारोह में कँगना जैसी युवा व ऊर्जावान अभिनेत्री के हाथों सम्मानित होना भी अपने आप मे गर्व की बात है । आज की तारीख़ में कंगना जिस उत्साह से विषयप्रधान फिल्में कर रही हैं उनसे युवाओं को सीखना चाहिए । मयूर व्यास ने इस मौके पर इंटरनेशनल ग्लोरी अवॉर्ड समारोह के आयोजनकर्ताओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किया । इस सम्मान समारोह में मयूर व्यास के साथ ही बॉलीवुड के सितारे कंगना रानाउत ,अनुपम खेर, तनुज विरवानी ,अविका गौर ,रजनीश दुग्गल,अमित त्यागी ,राजीव रंजन, संजय भूषण पटियाला ,क्रिस्टल डिसूजा सहित जैसी तमाम बड़ी फ़िल्मी हस्तियों मौजूद थी ।

देश की आजादी का जश्न!

स्वतंत्रता दिवस बस आने ही वाला है, ऐसे में एण्डटीवी के शोज़ 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के आगामी एपिसोड्स में इसके किरदार भी देशभक्ति के रंग में डूबे नजर आयेंगे। एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये नई राजेश ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने कहा, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) गब्बर (साहेब दास मानिकपुरी) और राजेश (गीतांजलि मिश्रा) के दादाजी का मजाक उड़ाती हैं, जो अंग्रेजों के जमाने में एक मोची थे। उस समय हप्पू (योगेश त्रिपाठी) के दादाजी चांद सिंह एक स्वतंत्रता सेनानी हुआ करते थे। एक रिपोर्टर कमलेश (संजय चैधरी) उन्हें एक सरकारी योजना के बारे में बताता है, जिसके तहत स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को पेंशन दी जा रही है। इस बात से उत्साहित कटोरी अम्मा हप्पू को पेंशन स्कीम के लिये आवेदन करने के लिये कहती है। इस संबंध में जरूरी कागजात जमा करते समय हप्पू को एक खानसामा की डायरी मिलती है, जिससे पता चलता है कि चांद सिंह एक देशद्रोही था। इस बात के खुलासे के साथ पूरे परिवार को अपमान का सामना करना पड़ता है। ऋतिक (आर्यन प्रजापति), चमची (जारा वारसी) और रणबीर (सौम्या आजाद) उदास हो जाते हैं और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) और बिमलेश (सपना सिकरवार) से कहते हैं, कि वे उन्हें गोद ले लें। राजेश उन्हें सांत्वना देने की कोशिश करती है और उन्हें याद दिलाती है कि मुश्किल हालातों में परिवार का साथ देना सबसे जरूरी होता है। परिवार वाले हप्पू के सम्मान को लौटाने की एक योजना बनाते हैं। उनकी योजना एक ऐसी स्थिति उत्पन्न करने की है, जिसमें हप्पू एक बम के खतरे से लोगों को बचाकर हीरो बनकर उभरे। इस काम में बेनी उनकी मदद करने के लिये तैयार है। हालांकि, जब बेनी वहां पहुंचता है, तो भीड़ उसे अंदर आने से रोक देती है, नतीजतन हप्पू को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया जाता है। कमिश्नर किशोर भानुशाली हप्पू को इस्तीफा देने के लिये कहते हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अंगूरी भाबी ऊर्फ शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मॉडर्न कॉलोनी के रहवासी आगामी 15 अगस्त सेलीब्रेशन के लिये पैसे जमा कर रहे हैं। हालांकि, परेशानी उस समय पैदा होती है, जब कुलजीत कुल्ता के गुंडे सक्सेना (सानंद वर्मा) को पकड़ लेते हैं और उसे कुल्ता के पास लेकर आते हैं। सक्सेना एक डॉक्यूमेंट सौंपता है, जिससे खुलासा होता है कि मॉडर्न कॉलोनी की जमीन के मालिक सरकुंडा ने जमीन कुल्ता को बेच दी है, जिसकी वजह से वहां रहने वाले लोगों को अपने घर खाली करने होंगे। इस खुलासे के बाद सभी लोग परेशान हो जाते हैं।

कलाकारों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए

राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति के इस दिन का जश्न मनाने के लिए, सोनी सब के पसंदीदा शो के प्रमुख कलाकारों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और उस दिन के लिए अपनी योजनाओं पर अपने विचार साझा किया

वंशज में परिवार के मुखिया भानुप्रताप की भूमिका निभाने वाले पुनीत इस्सर कहते हैं, ÷बचपन से ही, स्वतंत्रता दिवस मेरे मन, आत्मा और हृदय में बसा हुआ है। जब भी मैं किसी को राष्ट्रगान गाते हुए या कोई देशभक्ति का गीत बजते हुए सुनता हूं, तो इससे मुझे एकता की भावना मिलती है। मेरा मानना है कि यह दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अपार बलिदानों और भारतीय सेना के अटूट समर्पण की निरंतर याद दिलाता है। इस दिन, मैं अपने परिवार के साथ समय बिताने की योजना बनाता हूं, जिसके साथ ही हमारी स्वतंत्रता के लिए आभार व्यक्त करता हूं और ऐसे वार्तालापों में सम्मिलित होता हूं जो हमें हमारे विविध राष्ट्र में एकता और सद्भाव के महत्व की याद दिलाते हैं।÷

दिल दियां गल्लां में दिलप्रीत का किरदार निभाने वाले पंकज बेरी कहते हैं, ÷स्वतंत्रता दिवस यह याद दिलाता है कि आज हमें जो आज़ादी मिली है, उसका कारण इसके लिए किए गए बलिदान हैं, और इससे मुझे भारतीय होने पर बहुत गर्व होता है। मेरे बचपन में, मैं सफेद पोशाक पहनने और अपने शिक्षकों और स्कूल के दोस्तों के साथ इस दिन का जश्न मनाने के लिए उत्साहित रहता था। यह उन लोगों को सलाम करने का समय है जिन्होंने हमारी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, और हमें यह याद रखना होगा कि हमें अपनी आज़ादी को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। आइए इस भावना को न केवल इस दिन, बल्कि हर दिन आगे बढ़ाएं, और हम एकजुट और संपन्न राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप भविष्य को आकार दें।÷

वागले की दुनिया के श्रीनिवास की भूमिका निभा रहे अंजन श्रीवास्तव कहते हैं, ÷स्वतंत्रता दिवस हर भारतीय के लिए बेहद गौरवभरा और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की बहादुरी को श्रद्धांजलि देने का दिन है। यह उन बहादुर विभूतियों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। उनके बलिदानों के कारण ही हम एक स्वतंत्र देश में रह रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराना मेरे बचपन की सबसे महत्वपूर्ण यादों में से एक है, और हमारे लिए उत्सव का सबसे अच्छा हिस्सा अपनी यूनिफॉर्म में छोटे झंडे लगाना था। ये मेरे बचपन की कुछ सबसे प्यारी यादें हैं जिन्हें मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।

वागले की दुनिया में राजेश की भूमिका निभाने वाले सुमीत राघवन कहते हैं, ÷स्वतंत्रता दिवस मुझे अपनेपन और देशभक्ति की भावना से भर देता है। यह हमें अपने इतिहास को याद करने और आशा के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है।

ज़ी सिनेमा पर 'रावणासुर' और 'छत्रपति'

ज़ी सिनेमा के साथ मनाइए आज़ादी का उत्सव सपरिवार... देखिए ब्लॉकबस्टर फिल्में 12 अगस्त से लगातार! स्वतंत्रता दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक जज़्बात है, और ज़ी सिनेमा इसे बखूबी महसूस करता है। इस साल इस जश्न का उत्साह दोगुना करते हुए यह चैनल शनिवार 12 अगस्त से नॉन-स्टॉप ब्लॉकबस्टर फिल्में दिखाने जा रहा है। इंडिपेंडेंस डे पर फिल्मों के प्रीमियर्स का डबल धमाका होगा, जिसमें दोपहर 1 बजे मास महाराजा - रवि तेजा की 'रावणासुर' और रात 8 बजे बेहद टैलेंटेड बेल्लमकोंडा श्रीनिवास की फिल्म 'छत्रपति' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर्स होंगे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर। इस जश्न की शुरुआत होगी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' के साथ - एक ऐसी फिल्म जिसने दुनिया के मंच पर भारतीय सिनेमा की शान बढ़ाई और हर भारतीय को गर्व से भर दिया। राम चरण, जूनियर एनटीआर, आलिया भट्ट और अजय देवगन जैसे सितारों से सजी यह भव्य फिल्म 12 अगस्त को रात 8 बजे दिखाई जाएगी। इसके बाद 13 अगस्त को रात 8 बजे ज़ी सिनेमा पर दस्तक देगी फिल्म 'अखंडा', जो हमें बहादुरी और जांबाज़ी के शानदार सफर पर ले जाएगी। 14 अगस्त को इस चैनल पर आएगी रोहित शेट्टी की फिल्म 'सूर्यवंशी', जो देश की रक्षा की खातिर आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी जंग से सराबोर होगी। इस दुनिया में अगर कोई मुझे रोकने वाला शख्स मौजूद है, तो वो मैं हूं...÷ बेमिसाल मास महाराजा रवि तेजा के इस डायलॉग में समाया है उनके किरदार का दम और दर्शकों पर उनकी मजबूत पकड़! 15 अगस्त को दोपहर 1 बजे जोरदार नज़ारों, जानदार कहानी और जबर्दस्त एक्शन से भरपूर फैंटेसी एक्शन फिल्म 'रावणासुर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होगा। उसी दिन रात 8 बजे ज़ी सिनेमा पर फिल्म 'छत्रपति' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर भी होगा, जो धमाकेदार एक्शन, दमदार डायलॉग्स और जोरदार अदाकारी के साथ आपकी फैमिली वॉच-लिस्ट में जान डाल देगी।

करुणा पांडे ने साड़ियों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त किया

कहानियों की दुनिया में, किरदार हर कथानक के केंद्र में होते हैं। उनके व्यक्तित्व और परफॉर्मेंस के अलावा, उनकी कॉस्ट्यूम भी इन काल्पनिक किरदारों में जान फूंक देती है। कॉस्ट्यूम इन किरदारों को जीवंत, यादगार व्यक्तित्व में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में, पुष्पा (करुणा पांडे द्वारा अभिनीत) को सहजता और शालीनता से छह गज की साड़ी पहनते हुए देखा जाता है, जहां उनका किरदार पटोला साड़ी बुनाई की जटिल तकनीकों को सीखने में डूबा हुआ है। करुणा ने साड़ियों के प्रति अपने प्यार को व्यक्त किया और बताया कि इससे कैसे उन्हें करुणा से पुष्पा बनने में मदद मिलती है। सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे कहती हैं, ÷सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे कहती हैं, ÷हर नन्हीं लड़की के लिए, साड़ियां बेहद भावनात्मक महत्व रखती हैं। वे अपनी मां को बेहद सुंदर छह गज की साड़ी पहने हुए देखकर बड़ी होती हैं। इसी तरह, मुझे अपने बचपन में अपनी मां की साड़ी पहनकर तैयार होना पसंद था, जिससे मुझे हमेशा बहुत खुशी होती थी। जब मैं बड़ी हुई और एक थिएटर कलाकार बन गई, तो इससे मुझे अपने कॉस्ट्यूम के साथ प्रयोग करने का मंच मिला, जिससे मैं विभिन्न तरीकों से साड़ी पहनने की कला सीख सकी। इस प्रकार, साड़ियों से मेरा हमेशा से गहरा रिश्ता रहा है। पुष्पा की भूमिका निभाते हुए, उसके लिए चुनी गई हर साड़ी को उस सीन के अनुरूप सोच-समझकर चुना जाता है, जिससे मैं हमेशा सशक्त और गहराई से शामिल महसूस करती हूं। एक मामले में, पुष्पा की पटोला बुनाई की यात्रा के दौरान, हमने सुनिश्चित किया कि जो साड़ियां मैं पहनूं, उनमें हाथी और ऊंट जैसे प्रमुख पटोला डिज़ाइन हों।

क्या संजोत मिठाई का बड़ा ऑर्डर समय पर डिलीवर कर पाएगी?

सोनी सब का पारिवारिक ड्रामा दिल दियां गल्लां मतभेदों के कारण टूटे हुए परिवार के रिश्तों और डायनेमिक्स के इर्द-गिर्द घूमता है। यह संवाद, प्रेम और एकजुटता के महत्व को इस तरह से प्रदर्शित करता है जो दर्शकों के दिलों को छू जाता है। अपने अंतर्निहित संदेश और सहानुभूतिशील किरदारों के माध्यम से, दिल दियां गल्लां कई पीढ़ियों से चले आ रहे अनसुलझे संघर्ष के प्रभाव को दर्शाता है।बराड़ परिवार ने हाल ही में अपना घर खो दिया है, और हर सदस्य, अपनी सर्वोत्तम क्षमता के अनुसार घर का किराया चुकाने के लिए पैसे कमाने की कोशिश कर रहा है। आगामी ट्रैक में संजोत (जसजीत बब्बर) 100 किलोग्राम बर्फी बनाने का ऑर्डर मिलने पर अपना सौ प्रतिशत देती नज़र आएंगी। इससे वह बहुत खुश होती है, लेकिन दूसरी तरफ, दिलप्रीत (पंकज बेरी) इससे खुश नहीं है, क्योंकि उसे लगता है कि ऐसी कोई स्थिति नहीं आनी चाहिए जहां घर की महिलाओं को पैसे कमाने के लिए बाहर जाकर काम करना पड़े। अपने गुस्से में, दिलप्रीत जो नींबू का रस पी रहा था, उसे वह मेज पर पटककर चला जाता है, और गलती से वह ट्रायल ऑर्डर के लिए तैयार की जा रही मिठाई में गिर जाता है। किसी को पता ही नहीं चलता कि इसमें नींबू का रस मिल गया है। संजोत बराड़ की भूमिका निभाने वाली जसजीत बब्बर ने कहा, ÷ऐसी महिला का किरदार निभाना बेहद खुशी की बात है, जो अपने लिए निर्णय ले रही है और खुद के लिए खड़ी है। शो में, हम देखते हैं कि संजोत आत्मनिर्भर बनने और अपने पसंदीदा काम को अपनाकर पैसा कमाने का प्रयास करती है। हालांकि, उसकी राह में रुकावटें



एक नजर

प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

जगदलपुर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 02 परिवारों के वारिसों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील लोहण्डीगुड़ा के ग्राम बोदली के निवासी गजरू की मृत्यु सांप काटने से पिता गादीराम को, तहसील बस्तर ग्राम बड़े आमाबाल के निवासी प्रमिला की मृत्यु पानी में डूबने से माता बालीबाई को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि संबंधित वारिसों के बैंक खाते में अंतरण करने की निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

निर्भीक-निष्पक्ष मतदान के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया संकल्प

विधानसभा निर्वाचन-2023
मतदाता जागरूकता अभियान

जगदलपुर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप)के तहत कई कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को जिला कार्यालय के परिसर में कलेक्टोरेट और संयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी ने मतदान करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, एसडीएम नंद चौबे, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पीजी कालेज कांकेर में विद्यार्थियों को कृमिनाशक दवाई खिलाई गई

राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Ca

कांकेर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पीजी कालेज कांकेर के विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग कांकेर द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ.व्ही.के.रामटेके, समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. बसंत नाग, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अलका केरकेट्टा के नेतृत्व में क्रीमी की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ.व्ही.के. रामटेके प्रभारी प्राचार्य ने कहा एल्बेंडाजोल क्रीमी नियंत्रक दवाई है। यह आंत संबंधी क्रीमी संक्रमण को रोकने का सुरक्षित इलाज है। डॉ. बसंत नाग ने कहा कि क्रीमी संक्रमण का प्रभाव तुरंत दिखाई नहीं देता, लेकिन यह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। क्रीमी मानव एवं पशुओं के लिए हानिकारक है। बच्चों को बाहर खेलते समय मिट्टी के संपर्क में आने से रोकना असंभव है। क्रीमी जीवन की गुणवत्ता को कम कर शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को अवरुद्ध कर सकते है। प्रो. अलका केरकेट्टा ने क्रीमी संक्रमण के लक्षणों से विद्यार्थी को अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. आर.कुलदीप, डॉ. पूनम साहू, देवेन्द्र, कामिनी साहू, आकांक्षा टांडिया, शीतल उपस्थित रहें।

प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बलौदाबाजार, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील के ग्राम ढेलकी निवासी रमेश्वर यादव पिता तीजराम यादव की मृत्यु नहर नाली के पानी मे डूबने से हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी रोहिणी यादव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

मतदाता जागरूकता अभियान:मानव श्रृंखला बना कर दिया मतदान करने का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 13 अगस्त। 12 अगस्त को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निरंतर आभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय सुकमा में मानव श्रृखंला बनाकर विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी मतदाओं को अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंडो अंतर्गत आने वाले विद्यालयो, कॉलेज, पोटाकेबिन, लाइवलीहुड कॉलेज आईटीआई एवं छात्रवासी बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर विभिन्न आकृतियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। सुकमा जिला मुख्यालय में गादीरास चैक से पुराना कलेक्ट्रेट भवन होते हुए फॉरेस्ट कॉलोनी रोड से मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला का समापन हुआ जहां पर एकत्रित बच्चों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा एवं नोडल अधिकारी स्वीप डीएन कश्यप ने मतदान शपथ दिलाई इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा डिप्टी कलेक्टर अजय मोड़ियम, उपसंचालक समाज कल्याण एवं सहायक नोडल स्वीप संजय पांडे, एपीसी आशीष राम एवं शिक्षा विभाग के तमाम शिक्षक प्रशिक्षक खेल अधिकारी सम्मिलित हुए।

आज स्वीप के तहत आयोजन कार्यक्रम में संपूर्ण जिले में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया उल्लेखनीय है कि अति नक्सल प्रभावित विकास खंड कोंटा में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में वोटर टर्नआउट प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक और उल्लेखनीय सहयोग दिया। इस बृहद आयोजन में सुकमा जिले के प्रवेश द्वार तोंगपाल से लेकर छिंदगढ़ सुकमा एवं अंतिम विकासखंड कोंटा तक मानव श्रृंखला बनाकर पूरे जिले को कवर करते हुए एक छोर से दूसरे अंतिम छोर तक समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और निर्वाचन के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर महापर्व के साक्षी बने। शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

गीदम में सीआरपीएफ-231 बटालियन का 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान

बाइक रैली में दिखा देशभक्ति का जज्बा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम, 13 अगस्त। 15 अगस्त को देश स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसी उपलक्ष्य मे स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर शुरू किए गए 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन के लिए देश भर मे 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से शुरू हो गया है।

'मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन' 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का नारा है। इस अभियान का उदेश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियो, वीरों और वीरांगनाओ का सम्मान करना है जिन्होने देश की सेवा मे अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। भारत सरकार की इसी मुहिम को लेकर 231वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा आज दिनांक 12/08/2023 को सुरेन्द्र सिंह, कमांडेंट, जयन पी. सैमुअल, द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश कुमार चैधरी, उप कमांडेंट 231वीं वाहिनी के नेतृत्व मे एक मोटरसाईकिल रैली आयोजित की गयी। इस रैली के माध्यम से जावंगा से रैंली निकाल गीदम शहर तक मे 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान को सफल बनाने के लिए आम जनता को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह, कमांडेंट 231वीं वाहिनी ने बताया कि इस वर्ष देश आजादी की 77वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमर बलिदानियों की स्मृति मे देश भर मे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन विभूतियों की याद में देश की लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख 'शिलाफलकम' लगाये जाएंगे और देशभर में 'अमृत कलश यात्रा' भी आयोजित की जाएगी। जिससे की देशवासियों के ह्रदय मे इन वीरों की स्मृति को जीवंत रखा जा सके। भारत सरकार की इसी मुहिम को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 231वीं वाहिनी के अधिकारियों और जवानो द्वारा 75 मोटरसाईकिल की एक रैली आयोजित की गयी। यह मोटरसाईकिल रैली 231वीं वाहिनी के मुख्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर गीदम शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। इस रैली के माध्यम से 231वीं वाहिनी ने सरकार की मुहिम को लेकर जनता को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जिससे कि सभी लोग इस अभियान में अपनी भागीदारी जोर-षोर से निभाए।

सुरेन्द्र सिंह, कमांडेंट 231वीं वाहिनी ने साथ में यह भी कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान हर भारतवासी का अभियान है। इस अभियान से हर व्यक्ति को जुड़ना चाहिए। मेरी माटी मेरा देश अभियान लोगो में मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ाएगा और देशवासियों के मन मे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करेगा। इस अभियान के उद्देश्य में हम एक साथ आएं और अपने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष एवं बलिदान को याद करें कि, किस तरह से हमारे पूर्वजों एवं देष के वीरों और वीरांगनाओं ने देश की आजादी के लिए एवं देष अजादी के बाद उस अजादी को बनाए रखने में अपने प्राणों की आहूतियां दी। आओ अपने देश के सतत् विकास, प्रगति एवं उन्नति में हम सब भी भागीदार बने जिससे हमारा देश सदैव उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे।

कलेक्टर ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थों का लिया जायजा

- निरीक्षण दौरा में स्कूलों की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश
- आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने पोषण आहार का चखा स्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 13 अगस्त। कलेक्टर हरिस. एस ने सुकमा विकासखण्ड के ग्राम गुफड़ी, गड़गड़ीपारा, कोण्ड्रे, और मनकापाल का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी, स्कूल भवन में आगामी विधान सभा निर्वाचन के लिए मतदान केंद्र हेतु चिन्हाकित भवनों का निरीक्षण कर केंद्रों की आवश्यक व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया तथा मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण कर, मतदान केंद्रो में शौचालय, रैंप और पानी जैसी मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण भी थे।

कलेक्टर ने ग्राम गुफड़ी में संचालित आंगनबाड़ी में पोषण आहर टेस्ट कर, गुणवत्ता का जायजा लिया। उपस्थित बच्चों से केंद्र में प्रदाय की जाने वाली पोषण आहर और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण गरम भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा के मौसम को ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी में विशेष तौर पर साफ सफाई रखते हुए, स्वच्छ पानी एवं गरम पोषण आहार प्रदाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में उपलब्ध सामाग्री है, उसका बच्चे प्रयोग करें, जिससे बच्चे खेल-खेल में पढ़ना सीखें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन में रसोई का निरीक्षण किया और पोषाहार वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने किया 'नवा बिहान' पुस्तक का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोण्डागांव, 13 अगस्त। शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित मिनीमाता स्मृति दिवस के कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन, अध्यक्षता माननीय शिवकुमार डहरिया नगरीय प्रशासन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, विशिष्ट अतिथि, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष व संरक्षक माननीय शकुन डहरिया, के.पी.खाण्डे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग, मान. डॉ.जे.आर सोनी महासचिव गुरू घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, सुन्दर लाल जोगी उपाध्यक्ष गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, राम सुंदर दास अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ शासन, चेतन चंदेल प्रवक्ता गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी एवं छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए समाज प्रमुखों की गरिमामई उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद गुरुमाता मिनीमाता की 11 अगस्त को पुण्यतिथि मनाया गया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यो को याद कर उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।तत्पश्चात मान.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा साहित्कार गणेश्वर आजाद 'गॅवईहा' के द्वारा लिखित पुस्तक नवा बिहान में गांव की मिट्टी, किसान, खेती किसानी, शिक्षा व महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला गया है।का विमोचन किया गया। इस विमोचन के शुभ अवसर पर धंसराज टण्डन जिला अध्यक्ष सर्व अनु.जाति वर्ग कोण्डागांव एवं राजेंद्र कुमार वर्मा, रुपेन्द्र कुमार भारद्वाज, शंभूलाल नेताम, संतूराम प्रभाकर, शिवकुमार नाग, अर्जुन मरकाम, महेंद्र सिंह जालान, लाल दास मनहर, रामायण पात्रे, चन्द्रपाल साहू, राजकुमार आवड़े, दिनेश कश्यप, प्रशांत जांगड़े, लक्ष्मण जांगड़े, लक्ष्मीनाथ सोनवानी, चन्द्रेश चतुर्वेदी, शानू मारकण्डे, विशाल बंजारे आदि ने बधाई दी।

समाचार संक्षेप

कचरा शेड निर्माण में गड़बड़ी

नारायणपुर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत बावड़ी के आश्रित ग्राम गोंगला में सरपंच सचिव द्वारा कचरा शेड का निर्माण कराया जा रहा है जिसके निर्माण कार्य में की जा रही अनिमियता के खिलाफ ग्रामीणों ने अपनी आवाज मुखर की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के विकास के लिए जा रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान सरपंच सचिव द्वारा नहीं रखा जा रहा है। कचरा शेड के फ्लोर के कार्य में गिट्टी का प्रयोग किए बिना रेत डालकर बेस कर सीमेंट का लेप किया जा रहा है जिससे फ्लोर जल्द ही उखड़ जाएगा जिसके चलते कचरा शेड उपयोग के लायक नही रहेगा। सियाराम, पंच, पारस राम बावड़ी ग्राम पंचायत ने कहा कि घोटूल के पास पंचायत द्वारा कचरा शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा जिसमे फ्लोर में बेस में गिट्टी का उपयोग किए बिना सिर्फरेती डालकर उसके ऊपर सीमेंट का लेप किया जा रहा है जो कि जल्द ही उखड़ जायेगा जिसके बाद ये शेड किसी उपयोग के काम नहीं आएगा। सरपंच सचिव गांव के विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टचार कर रहे है। उक्त मामले पर जनपद पंचायत के सीईओ एच.एस. उइके ने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही करने वाले पंचायत सचिव के खिलाफजांच कर कड़ी कार्यवाही करने की जायेगी।

- फ्लोर में गिट्टी के बेस की जगह रेती डालकर किया जा रहा है फ्लोर
- ग्रामीणों ने कहा सरपंच सचिव कर रहे गुणवत्तविहीन निर्माण

ग्राहकों को तिरंगा वितरण कर अंजली होटल संचालक मना रहे अमृत महोत्सव

नारायणपुर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आजादी का अमृत महोत्सव पूरा देश मना रहा है वही नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अंजली होटल के युवा व्यापारी ने अपनी दुकान में आने वाले प्रत्येक ग्राहक को तिरंगा झंडा भेंट कर लोगो में देश प्रेम की भावना जागृत कर आजादी के अमृत महोत्सव से जोड़ने का कार्य कर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। दुकान में आने वाला हर ग्राहक तिरंगा झंडा पाकर भारत माता की जयकारे लगाकर व्यापारी की देश प्रेम की भावना की सरहाना करते नजर आए। लोगो ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए लोगो को तिरंगा झंडा देकर होटल संचालक पुनीत कार्य कर रहा है। वही अंजली होटल के संचालक ने कहा कि पूरा देश 75 वी आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मना रहा है जिसमे सभी की सहभागिता हो इसके लिए मैने 15 अगस्त से पूर्व अपनी दुकान में आने वाले प्रत्येक ग्राहक को तिरंगा झंडा देकर देश की आजादी को बड़े धूमधाम से मनाने की अपील की है ताकि जिले का हर नागरिक आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़े। नारायणपुर जिले के बखरूपारा में स्थित अंजली होटल के संचालक विक्रम धर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अपने ग्राहकों को तिरंगा झंडा देकर मनाया जा रहा है। जहा पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव पर अलग अलग कार्यक्रम कर अमृत महोत्सव से जुड़ रहा है वही युवा व्यापारी द्वारा लोगो को तिरंगा झंडा वितरित कर सभी को अमृत महोत्सव से जोड़ने का कार्य कर रहा है जिसकी सराहना होटल में आने वाला हर व्यक्ति करता नजर आ रहा है। तिरंगा झंडा पाकर भारत माता के जयकारे लगाकर देश प्रेम की अपनी भावना हर कोई प्रकट करता नजर आया।

कमिश्नर धावड़े ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली

जगदलपुर, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कमिश्नर श्याम धावड़े ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जगदलपुर में 16 अगस्त को होने वाली भेंट मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में चर्चाकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आवारा पशु प्रत्यस्थापन के सम्बंध में सभी कलेक्टरों से की जा रही कार्यवाही पर चर्चा किए। शुक्रवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर के साथ आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी उपस्थित थे। कमिश्नर और आईजी ने भेंट मुलाकात युवाओं के साथ के कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले कलेक्टर विजय ने शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम के लिए चिन्हित जगह पीजी कालेज ग्राउंड का निरीक्षण कर तैयारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

आबकारी मंत्री ने वनग्राम के हितग्राहियों को नर बकरा, सुकरत्रयी एवं बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजनाओं से किया लाभान्वित

ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने सरकार प्रतिबद्धःलखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 13 अगस्त। 11 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शबरी आडोटोरियम मे आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने वनग्राम के हितग्राहियों को नर बकरा, सुकरत्रयी एवं बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं उनके कल्याण के लिए पशुधन विकास विभाग की आजीविका मुलक योजना के तहत एफआरए ग्राम राजामुंडा के 30 वनाधिकार पट्टाधारी हितग्राहियों को बैकयार्ड कुक्कूट पालन योजना के तहत आर.आई.आर. नस्ल के चूजें, पांच हितग्राहियों को नर बकरा वितरण योजना के तहत उन्नत नस्ल के प्रजनन योग्य नर बकरा क्रय करने हेतु 4000 रूपये का चेक एवं पांच हितग्राहियों को सुकरत्रयी योजनाओं से लाभान्वित कर केबिनेट मंत्री के द्वारा सामग्रीयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य करणदेव सिंह, सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, कलेक्टर हरिस.एस, एसपी किरण चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत देवनारायण कश्यप, उपसंचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. जहरूद्दीन, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

मतदान केन्द्रों में हो रहा विशेष शिविर का आयोजन

रायगढ़, 13 अगस्त। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। यह शिविर आज 12 अगस्त को आयोजित हुई। इसी तरह 13 अगस्त, 19 अगस्त एवं 20 अगस्त 2023 को भी समस्त मतदान केन्द्रों में आयोजित होगी। मतदान केन्द्रों में नियुक्त अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी कार्यालयीन समय में मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे एवं लोगों से आवेदन प्राप्त करेंगे। मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोचन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

स्वतंत्रता दौड़ 14 अगस्त को

रायगढ़, 13 अगस्त। 14 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से निकलेगी, जो डिग्री कालेज, जिला पंचायत रोड से होकर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम (मिनी स्टेडियम)में समाप्त होगी। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने स्वतंत्रता दौड़ में शहर के समस्त नागरिकगणों, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शामिल होने हेतु कहा है।

सरायपाली में लर्निंग लायसेंस शिविर में 51 लर्निंग लाइसेंस बने

महासमुंद 13 अगस्त। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार आज शनिवार को नगर पालिका सरायपाली में लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को बार बार मुख्यालय न आना पड़े, लाइसेंस बनाने हेतु जागरूक करना तथा दूरस्थ अंचलों में हाथों हाथ लर्निंग लाइसेंस दिया जाना था। शिविर में आज कुल 51 लर्निंग लाइसेंस जारी कर हाथों हाथ प्रदान किया गया। शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद और शासन द्वारा सरायपाली क्षेत्र हेतु अधिकृत अन्नू परिवहन सेवा केंद्र तथा मां परिवहन सेवा केंद्र के सयुक्त तत्वाधान में पूर्ण किया गया।

भेण्डरा में ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई

अंवरी 13 अगस्त। सतनामी समाज ग्राम भेण्डरा के तत्वावधान में ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सतनाम भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता और प्रथम लोकसभा सहित चार बार के सांसद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। ऐसे माता के योगदानों का पुण्य स्मरण करते हुए सतनामी समाज ब्लाक भखारा के पूर्व अध्यक्ष परमेशवर ने संचालन का दायित्व संभाला। उन्होने प्रथम वक्ता के रूप में सामाजिक चिंतक जिला संचालक मंडल अध्यक्ष श्री ईतवारी गवास्कर को आमंत्रित किया। अपने उद्बोधन में प्रथम महिला सांसद के रूप में मनोनयन से लेकर उनकी शिक्षा और सामाजिक, राजनीतिक योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला।समाज के जिला अध्यक्ष श्री भावसिंह डहरे ने अपने संबोधन में ममतामयी मिनीमाता के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में किए गए योगदानों के संबंध में जानकारी देते हुए सामाजिक चुनौतियों पर भी अपने विचार व्यक्त किए। सतनामी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी जिला पूर्व उपाध्यक्ष श्री मोहन जांगड़े ने अपने संबोधन में ममतमयी मिनीमाता के जनसेवा संबंधित कार्यों पर अपने वक्तव्य दिए। सतनामी समाज भेण्डरा अध्यक्ष श्री जितेन्द्र जांगड़े ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम में सहयोगी सभी साथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला संचालक मंडल सदस्य श्री रामेश्वर कुर्रे जी , सदस्य श्री चंद्रप्रकाश पाटले जी, सदस्य, श्री लोकेश लहरें जी, सदस्य श्री नरेश बघेल जी, सदस्य श्री फग्गू घृतलहरे जी, सदस्य श्री डॉ रोहित कुर्रे जी,श्री भगत मारकंडेय जी, जिला पूर्व उपाध्यक्ष श्री विजय सोनवानी जी,भखारा ब्लाक अध्यक्ष श्री तेजेशवर कुर्रे जी,कुरूद ब्लाक अध्यक्ष श्री अशोक बंजारे जी, श्री डोमेन साहू जी, श्री नंदकुमार साहू जी, श्री गंगूराम साहू जी, श्री मोहन जांगड़े, श्री गजानंद जांगड़े, श्री घनाराम,अलखू मारकांडे, पंच, राजेश टंडन , दिनेश टंडन,खेमू जांगड़े, रामेश्वर गायकवाड़, रामस्वरूप, मयंक जांगड़े, वेदप्रकाश जांगड़े, राकेश जांगड़े,चोवाराम जांगड़े, ठाकुर राम जांगड़े, मोहित बंजारे, दयालु मारकांडे, सीतेश कुमार जांगड़े, चिंता राम, कामता प्रसाद, देवकुमार जांगड़े, भूषण बघेल, सुन्दर जांगड़े, नरसिंग बंजारे आदि उपस्थित थे।

आदिवासियों की आस्था और क्षेत्र के विकास में बाधक बनने वाले अधिकारियों पर एफआईआर हो:गागड़ा

- देवगुड़ी बना न ही चारागाह बावजूद अधिकारियों ने भौतिक सत्यापन में कार्य होना बताया
- जिले की छोटे-बड़े कार्यों के लिए राजनीतिक मंजूरी आवश्यक हो गई है, तो क्या लाखों के खेल में राजनीतिक संरक्षण नहीं
- राशि आहरण में शामिल सभी अधिकारियों पर कार्रवाई करने से न हिचके प्रशासन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 अगस्त। कागजों वाली विकास थमने का नाम नही ले रहा,मामला इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र पामेड़ अभ्यारण की है जहां आदिवासियों की आस्था देवगुड़ी और चारागाह कागज में बनकर तैयार हो गया अधिकारियों ने ऑफिस में बैठ भौतिक सत्यापन कर दिया यही नहीं लाखों रुपये आहरण भी किया गया इस पर अब भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा ने एफआईआर कर कार्यवाही करने की मांग की है।

फूलचंद गागड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पामेड़ अभ्यारण क्षेत्र कंवरगट्टा में चारागाह व इसी अभ्यारण क्षेत्र में देवगुड़ी बनाया जाना था जिसमे भारी भ्रष्टाचार होने की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसके बाद आरटीआई के माध्यम से प्राप्त दस्तावेज और भौतिक सत्यापन से यह बात स्पष्ट हुआ कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का कोई चारागाह बना और न ही देवगुड़ी लेकिन संबंधित रेंज के अधिकारियों ने कार्य पूर्ण बताकर पूरी राशि आहरण कर लिया।

गागड़ा ने आगे कहा है कि चारागाह के लिए 3 लाख 31 हजार 284 रुपया और देवगुड़ी के नाम पर लगभग 10 लाख रुपये का आहरण विधिवत तरीके से किया गया है। वहीं इस खेल के लिए बाकायदा फर्जी मस्टररोल,फर्जी मजदूरों की एंट्री व ऑफिस बैठे भौतिक सत्यापन अधिकारियों द्वारा किया गया है जो की इस तरह का कृत्य दुर्भाग्यपूर्ण है। गागड़ा ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि जिस तरीके से आदिवासियों के आस्था देवगुड़ी और जिले की विकास में ऐसे बाधक बनने वाले अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करते हुए उचित कार्यवाही करें। चूंकि बगैर देवगुड़ी,चारागाह बने अधिकारियों ने भौतिक सत्यापन कैसे किया जबकि स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सम्बंधित स्थान पर किसी भी प्रकार का कोई कार्य नही हुआ है बावजूद सरकारी राशि का दोहन गंभीर कृत्य है। साथ ही फूलचंद ने यह भी कहा कि आज जिले में छोटी बड़ी कार्यों के लिए राजनीतिक स्वीकृति अनिवार्य हो गया है तो क्या इस घोटाले के खेल में राजनीतिक संरक्षण नही है यह भी एक बड़ा विषय है। भाजयुमों नेता फूलचंद गागड़ा ने इस मामले पर जिला प्रशासन से कार्यवाही करने से न हिचकने और इस कृत्य में शामिल सभी अधिकारियों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

शहीद समैया की पत्नी का किया सम्मान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 अगस्त। 229 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ में दिनांक 12/08/2023 के दिन आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷मेरी माटी मेरा देश÷ के अन्तर्गत शहीदो के सम्मान कार्यक्रम के तहत इस वाहिनी के कार्य क्षेत्र में आवापल्ली निवासी 241 बटालियन के.रि.पु.बल. के शहीद सिपाही समैया माडवी की पत्नी वीर नारी श्रीमति लक्ष्मी माडवी एवं उसके परिजनों को 229 वहिनी की महिला अधिकारी श्रीमती वर्षा अरुण शर्मा, सहायक कमाण्डेंट ने फूलों का गुलदस्ता, शाल, फल एवं मिठाई भेंटकर सम्मानित किया । दिनांक 03/04/2021 को बीजापुर के टेकलगुडियम में एस.टी.एफ./ डी.आर.जी. /कोबरा व 241 बस्तरिया बटालियन के कुल 21 जवान नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे जिसमें 241 बस्तरिया बटालियन के बहादुर जवान शहीद सोमैया माडवी भी शामिल थे । शहीद सोमैया माडवी ब्लॉक उसूर के गांव आवापल्ली जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) के रहने वाले थे । शहीद सिपाही सोमैया माडवी की याद में 229 बटालियन के कमाण्डेंट श्री पुष्पेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर 229 बटालियन के अधिकारी व जवानों के अलावा ग्रामवासियों की उपस्थिति में शहीद की पत्नी व परिवार को सम्मानित किया गया व शहीद के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 229 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमाण्डेंट की देख रेख में समवाय अधिकारी सी/229 ने आयोजित किया ।

स्वतंत्रता दिवस से पहले मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल

महासमुंद 13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के लिए आज कलेक्टर श्री प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 12 टुकड़ियों में परेड की सलामी दी। रिहर्सल मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा मंच बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। महासमुंद शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय (मिनी स्टेडियम) में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे जो 15 अगस्त को रहेंगे। यानि 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब-करीब यही अरेंजमेंट रहेगा। जिले के 7 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। आज उनकी भी रिहर्सल की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे । जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ के संसदीय सचिव व विधायक श्री विनोद चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे।

नए मतदाताओं की हुंकार, उपयोग करेंगे अपना मताधिकार का

रायगढ़, 13 अगस्त। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आज बोईरदादर स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां करीब एक हजार कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करते हुए 18 वर्ष के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने मतदाताओं एवं स्कूली बच्चों को मतदान हेतु शपथ दिलवाई एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट भी उपस्थित रहें। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में कॉलेज एवं स्कूली बच्चों ने फ्लेक्स, तख्तियों को लेकर रैली भी निकाली एवं जनसामान्य को शत-प्रतिशत वोटिंग की अपील की। आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वा कर मतदान के लिए प्रेरित करना एवं लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था। उल्लेखनीय है कि 02 अगस्त से निर्वाचक नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ हैं, जो 31 अगस्त तक चलेगा। इस बीच जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 पूर्ण होती है, वो अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

गौठान के गोठ में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं

- विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर अजीविका संवर्धन पर हुई चर्चा
- मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना गौठान के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिला बल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 अगस्त। क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ीकरण करने के लिए निरंतर प्रयासरत है उनहोने गौठान की बात सभा जो भैरमगढ़ ब्लॉक के मिनगाचल गौठान मे आयोजित सैकड़ों स्व सहायता समूह की महिलाओं और गौठान समिति को संबोधित करते हुए कहा कि गौठान मे लगातार आर्थिक आजिविका की गतिविधियां संचालित हो हरसंभव मदद और मार्गदर्शन के लिए स्वयं और जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहेंगे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर त्वरित सूचना दे और आर्थिक गतिविधियों जैसे गोबर खरीदी,वर्मी खाद निर्माण, सीमेंट ईट,मुर्गी, बकरी, मछली पालन ,साग सब्जी का उत्पादन सहित अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों को संचालित कर आजिविका संवर्धन के कार्य नियमित रूप से करने की समझाइ दी इस दौरान समूह की महिलाओं एवं गौठान समिति के सदस्यों ने अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया जिसका समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दी गई।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सहित जिला जनपद के जनप्रतिनिधि सीईओ जिला पंचायत श्री रविकुमार साहू सहित अधिकारी गण उपस्थित थे।

101 युवाओं ने विधायक विक्रम मंडावी के समक्ष ली कांग्रेस की सदस्यता

- कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायक विक्रम मंडावी के विकास कार्यों से थे प्रभावित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 13 अगस्त। शनिवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में जिले के 101 से अधिक युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से दीपक मांझी, मनोज कुडियम, जोशफ कुडियम, ओनेस कुडियम, उबोध खान, रमेश मोडियम, सोमा मोडियम, विवेक कुजूर,और फूल कुमार हेमला आदि शामिल थे जिन्हें विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे,जिला पंचायत सदस्य सरिता चाप,जिला कांग्रेस महामंत्री सुखदेव नाग, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर, पीसीसी सदस्य एवं ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार,मीडिया प्रभारी राजेश जैन, सह प्रवक्ता प्रवीण उद्दे,महिला कांग्रेस नेत्री संजना चौहान, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कामेश मोरला, अन्य कांग्रेस नेताओं बी नव प्रवेशितों को कांग्रेस पार्टी का गमछा और फूल माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई है।

इस दौरान बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के लोक कल्याणकारी नीतियों व विकास कार्यों और जिले में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर जिले के 101 से अधिक युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है आने वाले समय में और भी लोग कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करेंगे।÷ इस दौरान हिमांशु गुप्ता, नवनीत नायडू, जगदीश सेन, रोहित साहू, राकेश पवार, सुजीत जयसवाल, सुमित झाड़ी, रोहित कुनारप और नागेश तेलाम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

विविध कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने किया प्रेरित

चुनई तिहार
SVEEP
जिला निर्वाचन अधिकारी, बीजापुर (छ.ग.)

बीजापुर 13 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाताओं को उन्हें मताधिकार का उपयोग करने हेतु जिले में विविध गतिविधियों को स्कूल, कालेज के माध्यम से की जा रही है वहीं विभागीय अमला द्वारा मतदाताओं में जागरूकता अभियान हेतु मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित की जा रही है। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल भोपालपटनम के विद्यार्थीयों द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वहीं विभिन्न स्कूलों में अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में चित्रकला, रंगोली, वाद विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कड़ी में लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए शपथ दिलाई गई।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

बीजापुर 13 अगस्त। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम सम्पन्न कराया जा रहा है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार इस पुनरीक्षण अवधि के दौरान सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर दिनांक 12 अगस्त 2023 शनिवार को समस्त बुथलेबल अधिकारी एवं अविहित अधिकारी मतदान केन्द्रों में कार्यालयीन निर्धारित समयावधि में उपस्थित रहकर दावा आपत्ति प्राप्त किया गया है। विशेष शिविर के दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी, तहसीलदार श्री दुकालूराम ध्रुव के द्वारा मतदान केन्द्रों का अवलोकन कर शिविर में प्राप्त दावा/आपत्तियों की जांच किया गया।

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता के लिए तहसील स्तर हुई प्रशिक्षण

बीजापुर 13 अगस्त। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में दिनांक 11 अगस्त 2023 को तहसील स्तरीय बैठक आयोजन किया गया। जिसमें तहसील भोपलपटनम के समस्त बूथलेबल अधिकारियों को मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा आपत्ति प्राप्त करने तथा घर-घर सर्वे के माध्यम से बूथ लेबल रजिस्टर प्रारूप के 01 से 09 आने वाले सभी प्रारूपों में मतदाताओं की जानकारी संधारण किये जाने के संबंध में अवगत कराया गया है। उक्त प्रशिक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी भोपालपटनम श्री यशवंत कुमार नाग, तहसीलदार श्री कैलाश पोयाम, जिला स्तरीय मास्टर टेऊनर्स श्री हरिश वर्मा, सहायक ग्रेड-03 श्री लोकेश्वर कुमार सेन, श्री सलित कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

विश्व हाथी दिवसः आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

मानवराहतकेन्द्र सह अन्नागार
(PEOPLE RESCUE CAMP CUM GRANARY)

रायगढ़, 13 अगस्त। हाथी विश्व दिवस के उपलक्ष्य में वनमण्डल धरमजयगढ़ में वर्ल्ड एलीफेन्ट डे-इंडिग द इल्लिगल वाईल्ड लाईफ ट्रेड की थीम पर आत्मानंद स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि वनमण्डल में वन्य प्राणी हाथी की सुरक्षा हेतु संवेदना अभियान की शुरूआत की गई और हाथियों की सुरक्षा हेतु शपथ ली गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल, धरमजयगढ़ के बच्चों को काष्ठागार डिपो धरमजयगढ़ में द एलीफेन्ट व्हिस्परर्स मूवी का स्क्रीनिंग किया गया और हाथी व्यवहार के बारे में बताया गया। विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे चित्रकला, निबंध, क्विज कंपटीशन आदि का आयोजन किया गया और विश्व हाथी दिवस मनाया गया। इस मौके पर धरमजयगढ़ दौरे पर आए एपीसीसीए श्री अरुण पांडे द्वारा हाथी मित्र दल और ट्रैकर से मुलाकात कर मानव हाथी द्वंद्व की जानकारी ली और अपने अनुभव साझा किए। हाथी मित्र दल को टॉर्च, छाता, फर्स्ट एड किट सामग्री का वितरण भी किया गया। संवेदना अभियान के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों को वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के बारे में अवगत कराना है। अवैध तरीके से जंगल में शिकार के उद्देश्य से बिछाए जाने वाले जीआई तार से होने वाले वन्यप्राणियों के नुकसान, स्थानीय ग्रामीणों की जन हानि और पशुधन के नुकसान के संबंध में अवगत कराना है। संवेदना अभियान के अंतर्गत ग्रामीणा को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत वन अपराध, सजा के प्रावधानों आदि से अवगत कराना है और अपराध घटित होने से पूर्व ग्रामीणों को इसकी गंभीरता के बारे में अवगत कराना है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा एक नैतिक और साझा जिम्मेदारी है। संवेदना अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बिजली विभाग और राजस्व विभाग आदि से पत्राचार कर आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं अवैध विद्युत कनेक्शन से होने वाली घटनाओं की रोकथाम करना है।

एक नजर

महुआ शराब बनाकर अवैध बिक्री करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय दीपक कुमार झा, अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी के.सी.दास थाना कसडोल व चौकी प्रभारी सउनि राजेन्द्र पाटिल सोनाखान के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर धरपकड़ कर कार्यवाही करने के प्राप्त निर्देश पर 10 अगस्त को चौकी सोनाखान पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिला की ग्राम भुसडीपाली सुकला भाठा के नाला से आरोपी समारु सिंह पिता अमर सिंह धनवान उम्र 45वर्ष साकिन भुसडीपाली, जनकराम पिता जेठुराम धनवान उम्र 36वर्ष साकिन भूसडीपाली, अर्जुन सिंह पिता अमर सिंह धनवार उम्र 36 वर्ष साकिन भुसडीपाली द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में महुआ बिक्री कर रहे थे। कि सूचना पर चौकी सोनाखान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया आरोपीयो से कुल 20.5 लीटर महुआ शराब कीमती 4100 जप्त किया गया है। आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी ऐक्ट के तहत अपराध पंजीबद कर आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया। कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक संतोष टंडन, आरक्षक दीपक कुर्रे, धिरेन्द मधुकर, कृष्णा यादव, कमल साह कवर का सराहनीय भूमिका रही।

आरपीएफ ने ग्रामीण क्षेत्रों में पटरियों के किनारे चलाया जागरूकता अभियान

भाटापारा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रेसुब पोस्ट भाटापारा के अधिकारी एवं बल सदस्यों के द्वारा बिल्हा-दगौरी स्टेशन के मध्य रेल लाइन किनारे स्थित किलोमीटर नंबर 736/25 के पास भैंस बोर्ड बस्ती, दाधापारा - बिलासपुर के मध्य किलोमीटर संख्या 723 के पास रेलवे लाइन किनारे स्थित परसदा बस्ती, हथबंध ईस्ट आउटर में जाकर गाँव वालो एवं मवेशी चरवाहा को रेलवे लाइन में मवेशी रन ओवर / मनुष्य रन ओवर एवं ट्रेनों में पत्थरबाजी करने वालो के संबंध में उसके रोकथाम हेतु उनके स्वयं के जान माल कि हानि और रेलवे राष्ट्र संपत्ति कि हानि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया।

भाजपा नेता ने कांग्रेस की संकल्प यात्रा को लेकर कसा तंज

बालोद, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाजपा नेता पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कांग्रेस द्वारा किये जा रहे संकल्प शिविर अभियान को लेकर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पिछले पौने पांच सालों तक ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जिसे लेकर वे जनता के बीच जा सके। उन्होंने कहा कि भेंट-मुलाकात का हलिया अभियान तो मूलतः डाँट-फटकार का कार्यक्रम ही सिद्ध हुआ है जो पुरी तरह से सुनियोजित कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने प्रदेश का बेड़ा गर्क करके रखा है आज कांग्रेस सरकार के कुनीतियों से प्रदेश की जनता अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिये भी तरस रही हैं, अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है, प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है, शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, भ्रष्टाचार को चरम पर रख कर हर चीज को अपने अवैध कमाई का जरिया बनाकर रखा गया है प्रदेश के किसानों को किये वादे अभी तक पूरा नही कर पाई है न ही बोनस मिला न पूर्ण कर्जा माफहुआ न नए पंम्प कनेक्शन मिल रहा है नए पंम्प कनेक्शन के लिए किसानों का पैसा भी यह सरकार डकार चुकी है।

विधायक ने निर्माण कार्यों के भूमिपूजन के साथ लाखों के अनुदान की घोषणा की

गाजे-बाजे के साथ ग्रामीणों ने किया विधायक शुक्ल का जोरदार स्वागत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 13 अगस्त। राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोंगरा, व दादरगांव पुराना मे शुक्रवार को राजिम विधानसभा के विधायक अमितेश शुक्ल का दौरा कार्यक्रम था, ग्राम पंचायत मोंगरा पहुंचते ही विधायक अमितेश शुक्ल का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया वही क्षेत्र भर से आये युवक युवतियों ने विधायक अमितेश शुक्ल के साथ जमकर सेल्फी ली, विधायक अमितेश शुक्ल के साथ गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाव सिंह साहू, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता यष्पेंद्र शाह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मख्खू दीक्षित, शांति नागेश जनपद सदस्य, संतरा बाई नागेश सरपंच ग्राम पंचायत मोंगरा, हेमबाई चेतन ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा, के ग्रामीणों के द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया, आदिवासी समाज के लोगो के द्वारा पीला पगड़ी पहनाकर सम्मान किया विधायक अमितेश शुक्ल ने भारत माता के छायाचित्र कि पूजा अर्चना कर नवनिर्मित पानी टंकी, पी डी एस भवन बिरनीबाहरा मे पुलिया निर्माण, कूड़ेमा मे आंगनबाड़ी भवन दादरगाँव पुराना मे यादव समाज भवन का लोकार्पण किया, साथ ही मोंगरा के आश्रित ग्राम कांदागड़ी मे शीतला मंदिर के सामुदायिक भवन के लिये 3 लाख, लक्ष्मी सामुदायिक भवन डुमरपारा मोंगरा हेतु 2 लाख, घटारानी सामुदायिक भवन गौरमुड़ी पटपरपाली हेतु 3 लाख, राजगोड़ समाज सामुदायिक भवन के 5 लाख देने कि घोषणा कि, ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा मे कांक्रीटीकरण रोड के लिये 5 लाख देने कि घोषणा कि, जय दुर्गा बालक समिति को 10 हजार, जय माँ शीतला मानस मंडली समिति डुमरपारा मोंगरा को 5 हजार रूपये वही ग्राम पंचायत दादरगांव मे 3 लाख के कांक्रीटीकरण रोड व 3 लाख का आदिवासी समाज भवन देने कि घोषणा की।

कांग्रेस जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती हैं: कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार झूठी वादा नहीं करती बल्कि जो कहती है वो करती हैं।कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के पूर्व घोषणा किया था कि अगर कांग्रेस कि सरकार बनती है तो किसानों का धान 25 सौ रूपये समर्थन मूल्य मे लेगी और सरकार ने अपना वादा पूरा किया सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानो का एक-एक दाना धान खरीदा छत्तीसगढ़ सरकार ने गोबर खरीदी चालु कर प्रदेश के लाखों महिलाओ को रोजगार के साथ गौ पालकों गोबर का मूल्य दिया आज प्रदेश मे गोबर बेचकर लोग मोटर सायकल कार व महंगे मोबाइल खरीद रहे है।व अपने बच्चों को शिक्षा में खर्च भी कर रहें हैं।शुरुवात मे भारतीय जनता पार्टी के नेता मजाक उड़ा रहे थे।लेकिन बाद मे उन्ही के शीर्ष नेताओ ने छत्तीसगढ़ सरकार कि गोबर खरीदी का सराहना किया, गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा कि अभी चुनाव नजदीक है और भाजपा के नेता आयेंगे और लोगो को बहकायेंगे पर हमें उनके बहकावे मे नहीं आना है छत्तीसगढ़ मे फिर से कांग्रेस कि सरकार बनाना है पिछले विधानसभा चुनाव मे राजीव विधानसभा क्षेत्र कि जनता ने अमितेश भैया को 58000 वोटो से जिताया था और इस बार की विधानसभा चुनाव में फिर अमितेश शुक्ला जी को 58000 से ज्यादा वोटो से जीत कर मंत्री बनाना है, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने कहा कि सदैव से ही अमितेश शुक्ल का परिवार राजिम की जनता के लिए कार्य करते आ रही है आज क्षेत्र मे जो सिचाई का साधन उपलब्ध है वो पंडित श्यामचरण शुक्ल जी कि देन है आज छत्तीसगढ़ के लोग कांग्रेस सरकार कि योजनाओ से खुश है और आने वाले विधानसभा चुनाव मे छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस पार्टी 70 सीटों से भी ज्यादा सीट जीतकर सरकार बनायेगी।

कसडोल में यातायात पुलिस तैनात सड़क दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 13 अगस्त। बलौदाबाजार जिला के कसडोल नगर पंचायत में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130बी में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा ने शुक्रवार को लंबे समय से की जा रही मांग यातायात पुलिस को कसडोल की सड़कों पर तैनात कर दिया है।

बीते दिवस ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना किया था, जिसके बाद दुर्घटना सहित ट्रैफिक की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए थाना परिसर में ही यातायात पुलिस चौकी की शुरुआत की गई है। शुक्रवार को उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर कसडोल पहुँचकर यातायात का मुआयना कर यातायात में पदस्थ पुलिसकर्मियों को दुर्घटनाओं में लगाम लगाने की सीख दी। इस दौरान कुजूर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी के संवेदनशील जगह हड़हा चौक पहुँचकर तेज रफ्तार वाहन चालकों को धीमी रफ्तार से वाहन चलाने की समझाइश दी। वाहन की रफ्तार कंट्रोल नही करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

आपको बता दें कि लगातार नगर के हड़हा चौक, दर्रा सहित अन्य जगहों पर बेलगाम और नौसिखिए वाहन चालकों द्वारा अनियंत्रित वाहन चलाने से दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिस पर लगातार लोग असमय काल के गाल में समा रहे है। चर्चा के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर ने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश और आमजनों की मांग पर यातायात को सुदृढ़ करने के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की पदस्थापना की गई है। लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग में हादसा बढ़ रहा है, भारी वाहनों को अनियंत्रित व तेज रफ्तार से दौड़ा रहे है, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही है। अब यातायात पुलिस की पदस्थापना से आमजनों को बेलागम वाहनों से राहत मिल सकेगी। अनियंत्रित वाहन चलाने सहित कोई भी सूचना मिलती है तो यातायात पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। वर्तमान में कसडोल नगर में प्रारंभ किए गए यातायात व्यवस्था में सहायक उपनिरीक्षक जनक राम वर्मा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए 01 प्रधान आरक्षक एवं 04 आरक्षक सहित कुल 06 की संख्या में यातायात पुलिस बल की पदस्थापना की गई है।

कसौधन वैश्य समाज ने किया बागेश्वर बाबा का अभिषेक

कार्यक्रम मे शामिल हुए भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 13 अगस्त। श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज, ने श्रावण मास में सभी सामाजिक बंधुओ ने तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सभी उम्र के बच्चों और महिलाओं के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता और मिट्टी के द्वारा क्राफ्ट प्रतियोगिता करायी गयी। सभी कार्यक्रमो में बच्चों और महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रमो में मुख्य अतिथि के रूप में सीमा शिवरतन शर्मा उपस्थित रही। उन्होंने अपने उदबोधन में प्रेरक प्रसंग के साथ सभी का उत्साहवर्धन भी किया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रीति शाह के साथ निर्णायक की भूमिका भी निभायी। अंतिम दिवस को भाटापारा, तिल्दा और बलौदाबाजार के सभी सामाजिक बंधुओ ने सपरिवार मिलकर अपने इष्टदेव बागेश्वर बाबा का अभिषेक कार्यक्रम और पूजा अर्चना की। अभिषेक एवं पूजा अर्चना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी पर भाटापारा के विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं पार्षद पुरूषोत्तम यदु उपस्थित रहे इस अवसर पर समाज के संरक्षक केदारनाथ गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता (बलौदाबाजार) ने अपने उदबोधन में समाज मे हो रही विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए उपस्थित बंधुओ का उत्साहवर्धन किया। उदबोधन की कड़ी में समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता ने समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी और सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्रीवाल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ततपश्चात विधायक शिवरतन शर्मा ने समाज के अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी के अनुरुप सामुदायिक भवन में कार्य करने हेतु 1000000/-(दस लाख रुपये) देने की घोषणा की। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतियोगीयो को पुरूस्कार वितरण एवं दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आए बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत मे समाज के द्वारा विधायक शिवरतन शर्मा को स्मृति चिन्ह और अभिनंदन पत्र वाचन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी परिवारों के साथ साथ अन्य शहरों जैसे पूना,राजनांदगांव और दुर्ग से भी उपस्थिति रही, इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन कसौधन वैश्य समाज भाटापारा महिला मंडल की अध्यक्षा ममता शानू गुप्ता ने किया।

कलेक्टर और एसएसपी ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

शत-प्रतिशत नए एवं महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने पर जोर

- मतदान केंद्र का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश
- अनुपस्थित सेक्टर अधिकारियो को नोटिस जारी करने के निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 13 अगस्त। कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सेक्टर अधिकारियों की बैठक सह कार्यशाला में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, मतदान केंद्रों, मतदाता जागरूकता आदि के सम्बंध में जरूरी दिशा -निर्देश दिए।

बैठक में सेक्टर अधिकारियों को अपने सेक्टर अंतर्गत मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मूलभूत सुविधाएं जैसे रैम्प, पानी, बिजली, पहुंच मार्ग की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता तथा संवेदनशील मतदान केंद्रों के चिन्हांकन के लिए सरपंच सचिव से बात कर जानकारी रखने कहा गया। सेक्टर के मतदान केंद्रों में पिछले निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत, महिला -पुरुष मतदाता संख्या की भी जानकारी रखने के भी निर्देश दिए गए। 18 से 19 वर्ष के नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए महाविद्यालयीन छात्र -छात्राओं की सूची तैयार कर छूटे हुए छात्रों के नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसीतरह शत प्रतिशत महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु अभियान चलाने कहा गया। विवाह के पाश्चत महिला मतदाताओं की शिफ्टिंग होने की जानकारी एकत्रित कर संबंधित मतदान केंद्र में नाम स्थानांतरण कराने फर्म भराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पिछले निर्वाचन में जिन क्षेत्रों में 70 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत रहा उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों का भी सहयोग लेने की बात कही गई। बैठक में कुछ सेक्टर अधिकारी अनुपस्थित थे जिन्हें कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए। बैठक सह कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामरतन दुबे सहित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

31 अगस्त तक नाम जोड़े जाने, विलोपित करने एवं संशोधन के लिए प्राप्त की जाएगी दावा-आपत्ति

विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है। इसके तहत विगत 2 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन कर दिया गया है। यह मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट ceochhattisgarh.nic.in में भी होस्ट की गई है। साथ ही इसकी एक फोटोयुक्त हार्ड एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी जिला स्तर पर बैठक कर प्रदान की जा चुकी है। बीते 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही इसके विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम प्रारंभ हो गया है। 1 अक्टूबर 2023 की अर्हता तिथि में मतदाता सूची में नए नाम जोड़े जाने फॉर्म-6 प्राप्त किए जाने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 एवं किसी प्रकार के संशोधन या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भी लिया जाना प्रारम्भ हो गया है। ये आवेदन आगामी 31 अगस्त तक लिए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अगस्त और 13 अगस्त तथा 19 अगस्त और 20 अगस्त को राज्य के सभी 24 हजार 109 मतदान केन्द्रों में इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि इन विशेष शिविर तिथियों को जिलें भर में सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल अधिकारियों एवं अभिहित अधिकारियों को आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। सामान्यतः शनिवार एवं रविवार को अधिकांश संस्थानों में अवकाश रहता है इसलिए जो भी नागरिक अपना नाम जुड़वाना चाहते हैं वे कार्यालयीन समयावधि में बूथ जाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी की सहायता से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कुमार ने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पुनरीक्षण के दौरान सभी जिलों एवं विधानसभाओं में सघन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

समाचार संक्षेप

कचना धुरवा महाविद्यालय में लगाया गया मतदाता जागरूकता शिविर

आओ बनें देश के सशक्त मतदाता

छुरा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकिय कचना ध्रुवा महाविद्यालय छुरा मे शनिवार को मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे गरियाबंद जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी रीता यादव, के द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं शत प्रतिशत मतदान करने शपथ दिलाई साथ ही ए वी एम इलेक्ट्रॉनिक मशीन कि प्रदर्शनी लगाकर छात्रों को मशीन द्वारा कैसे वोट डालना है और डाले गये वोट हमें कैसे पता चलेगा उसका जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने छात्रों को समझाया, वही महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिये मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था, जिसमे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, भाषण प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान भारद्वाज, द्वितीय स्थान ओमकार निषाद, तृतीय स्थान दुष्यंत, चतुर्थ स्थान स्नेहा शर्मा, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उर्वशी देवागन, द्वितीय स्थान धारणी साहू, तृतीय स्थान भूमिका नागेश, चित्रकला में प्रथम स्थान दिव्यानी चंद्राकर, द्विती निरा ध्रुव तृतीय स्थान नागेश ध्रुव ने पाया प्रतियोगिता मे प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी रीता यादव व जिला पंचायत गरियाबंद के अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी पदमनी हरदेल, तहसीलदार छुरा सतरूपा साहू मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा अहमद जाफरी के द्वारा शील्ड व पेन पुरुस्कार स्वरूप प्रदान किया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी गरियाबंद रीता यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक नये मतदाता जोड़ने के साथ लोगो को शत प्रतिशत मतदान करने जागरूकता अभियान चलाया जाना है इसी कड़ी मे जिला प्रशासन गरियाबंद के द्वारा जिले के सभी स्कुल कालेज व गांवो मे प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि सभी वयस्क नागरिक अपने मतो का प्रयोग कर सके, इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा भी मतदाता जागरूकता के संबंध मे छात्रों को सम्बोधित किया गया।

महिलाओं ने गायत्री मंदिर में की देवी पूजा

छुरा, 13 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छुरा नगर के आदर्श सरस्वती महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर सुहागिन पूजा कार्यक्रम गायत्री मंदिर प्रांगण पर रखा गया था जिसमें नगर के 36 महिलाओं द्वारा सात देवी का पूजा अर्चना किया गया। देवियों से व्रत में अपने पतिदेव, बाल बच्चे, परिवार के दीर्घायु जीवन, सुख समृद्धि के लिए यह व्रत पूजा पाठ रखा गया था साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किक बॉक्सिंग खेल में नगर के होनहार खिलाड़ी कुमारी दुर्गा चंद्राकर लगातार तीसरी बार चैंपियन बनी जिनका सम्मान महिला मंडल द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख से कमला सारस्वत, आरती गुप्ता, सुधा गुप्ता, किरण शर्मा, कमला सारस्वत, सोनिया कोठारी, रमा अग्रवाल, कल्याणी चंद्राकर, रश्मि गुप्ता, संगीता गुप्ता, रजनी चंद्राकर, सपना कंसारी, हेमा देवांगन, अनीता देवांगन, सुनीता गुप्ता, सरोज सोनी, एकता सीतलानी, जया सचदेव, राधा सचदेव, हेमीन साहू, निर्मला निषाद, शीला त्रिपाठी, राधिका साहू, राधा सचदेव, लक्ष्मी शाह, पूजा तिवारी, अनीता सिन्हा, सरोज सोनी, श्वेता कुकरेजा, अनीता देवांगन, जया, पूजा तिवारी, शिल्पा चौबे, बंटी ध्रुव, रिया सचदेव, प्रिया सचदेव, मेहतरीन, रानू चंद्राकर, बुलबुल, कांता नागदेव आदि महिलाएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आरती गुप्ता के द्वारा किया।

तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी

रायपुर एवं कोरबा से
एक साथ प्रकाशित

रायपुर, रविवार, 13 अगस्त 2023

सुना है आज समंदर को बड़ा गुमान आया है... उधर ही ले चलो कश्ती जिधर तूफान आया है...

देश में आजादी के बाद सर्वाधिक अविश्वास प्रस्ताव का सामना इंदिरा गाँधी को करना पड़ा तो डॉ मनमोहन सिंह को इसका सामना ही नहीं करना पड़ा क्योंकि उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया ही नहीं गया। कांग्रेस और 'इंडिया' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी।यह 28वीं बार है जब केंद्र की सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही थी और प्रधानमंत्री मोदी सरकार के लिए यह दूसरा मौका था।पिछले कार्यकाल में तेलुगु देशम पार्टी अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी,जिसके खिलाफ 330 वोट पड़े थे इस बार भी नंबर के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में रही।

आजादी के बाद 28 बार अविश्वास लाया गया, लेकिन एक भी बार सरकार गिरी नहीं सिवाय मोरारजी देसाई सरकार के, उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। पहली बार जवाहर लाल नेहरू की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। 23 बार कांग्रेस पार्टी की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया। 2 बार जनता पार्टी जबकि 2 बार बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया भारत का इतिहास गवाह है कि इंदिरा गांधी के विरुद्ध 15 बार,पी वी नरसिम्हा राव- 3 बार,लाल बहादुर शास्त्री- 3 बार,मोरारजी देसाई 2 बार ,जवाहर नेहरू, राजीव गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के विरुद्ध 1-1 बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।नरेंद्र मोदी (2018 में) 1 बार,हाल ही में दूसरी बारज.।देश का पहलाअविश्वास प्रस्ताव 1963 में जवाहर लाल नेहरू के खिलाफ आया था।आजादी के बाद देश में पहला अविश्वास प्रस्ताव तीसरी लोकसभा संसद में पेश किया गया।उस समय जवाहर लाल नेहरू पीएम थे और 1962 के युद्ध में चीन से हार के बाद आचार्य जेबी कृपलानी उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये थे।हालांकि, 347 सांसदों के विरोध के बाद प्रस्ताव फेल हो गया और सिर्फ 62 सांसदों ने इसका समर्थन किया था।लाल बहादुर शास्त्री के खिलाफतीन बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।पहली बार 1964 में एनसी चटर्जी अविश्वास प्रस्ताव लाए और 307 सांसदों ने इसके विरोध में वोट किया।सिर्फ 50 सांसदों का ही समर्थन मिला, जिसकी वजह से प्रस्ताव खारिज हो गया?1965 में लाल बहादुर शास्त्री के खिलाफ एसएन द्विवेदी अविश्वास प्रस्ताव लाये थे, जिसे 44 सासंदों का समर्थन मिला।315 ने इसके खिलाफ वोटिंग की। इसी साल उनकी सरकार के खिलाफ एक और अविश्वास लाया गया, लेकिन 318 सांसदों ने उसके खिलाफ वोटिंग करके इसे गिरा दिया। स्वतंत्र पार्टी के एमआर मसानी यह अविश्वास प्रस्ताव लाए थे।

इंदिरा गांधी ने 15 बार किया था सामना...

इंदिरा गांधी के कार्यकाल में उनके खिलाफ 15 बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।हालांकि,एक भी बार उनकी सरकार नहीं गिरी।1966 में दो बार,1967 में दो बार,1968 में दो बार,1969 में एक बार,1970 में एक बार,1973 में एक बार, 1974 में दो बार और 1975 में 1 बार,1981 और 1982 में भी 1-1 बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।1981 में इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ जॉर्ज फर्नांडीज अविश्वास प्रस्ताव लेकर आये,लेकिन उन्हें 278 सांसदों का समर्थन मिला और प्रस्ताव खारिज हो गया। प्रस्ताव के पक्ष में सिर्फ 92 वोट डले थे.

जब गिर गई थी मोरारजी देसाई की सरकार...

साल 1978 में मोरारजी देसाई की सरकार के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष सीएम स्टीफन अविश्वास प्रस्ताव लाये थे,लेकिन यह भी ध्वनिमत से खारिज हो गया। एक साल बाद 1979 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।इस बार प्रस्ताव लाने वाले वाई बी चव्हाण थे,लेकिन देसाई की सरकार गिर गईज.उन्होंने प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही इस्तीफा दे दिया और राजनीति से भी संन्यास ले लिया था।राजीव गांधी और अटल के खिलाफ 1-1 बार लाया गया अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।साल 1992 और 1993 में नरसिम्हा राव की सरकार के खिलाफ तीन बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।1987 में राजीव गांधी की सरकार को

आइना
ए
छत्तीसगढ़
शंकर पांडे

भी अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके खिलाफ वोट करने वालों की संख्या ज्यादा थी इसलिए यह खारिज हो गया।साल 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अविश्वास प्रस्ताव लाई थीं। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में एक भी अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हाल ही में दूसरा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था ।



रिटायर अफसरों पर छत्तीसगढ़ सरकार मेहरबान...

छत्तीसगढ़ में पूर्व अफसरों पर अधिक विश्वास जताया जा रहा है,रिटायर होने के बाद आईएएस,आईपीएस औरआईएफएस अफसरों को संविदा नियुक्ति देकर काम चलाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि फ्रेस अफसरों की कमी है पर पुराने अफसरों के अनुभवी होने का लाभ मिलना भी एक प्रमुख कारण हो सकता है वहीं सरकार का करीबी होना भी विशेष योग्यता का पैमाना है, केवल प्रमोटी आईएएस अनिल टुटेजा ही अपवाद हैं जिन्हें संविदा नियुक्ति नहीं मिली पर उसके पीछे ईडी आदि की जाँच बड़ा कारण रहा है।सूबे में संविदा नियुक्ति की बाढ़ सी आ गई है।प्रशासनिक गलियारों में यह चर्चा आम हो गई है कि सरकार 'संविदा' अफसरों के भरोसे चल रही है।'संविदा' पाने वाले अफसरों के मातहत इससे नाखुश हैं।खुलकर कोई कुछ नहीं कहता,मगर दबी जुबां से प्रशासनिक गलियारों में इस पर जमकर चर्चा होने लगी है।आलम यह है कि संविदा अफसरों की सूची बनाकर किस्सागोई की जाने लगी है।अब पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग पर रेग्युलर अफसरों की नजरें टेढ़ी हो रही हैं।सूबे में संविदा पाने वाले अफसरों की लंबी सूची है।आईएएस बिरादरी में विवेक ढांड,अजय सिंह, एम के राउत,सुनील कुजूर,आर पी मंडल, डॉक्टर आलोक शुक्ला, डी डी सिंह,धनंजय देवांगन, निरंजन दास, टामन सोनवानी,दिलीप वासनिकर,अशोक अग्रवाल,अमृत खलको आदि के नाम शामिल हैं तो वहीं आईपीएस बिरादरी से डीएम अवस्थी को पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग मिली और अब संजय पिल्ले को सरकार पोस्टिंग देने जा रही है गृह विभाग ने जीएडी को फाइल भेज दी है।पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग पाने वालों में आईएफएस अफसर भी पीछे नहीं है।पीसीसीएफरहे राकेश चतुर्वेदी और संजय शुक्ला दोनों अफसरों को पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग मिली। आईएफएस एस एस बजाज भी रिटायरमेंट के बाद पोस्टिंग पाने वाले अफसर रहे। ये शाश्वत सत्य है कि जब तक ओहदा, तब तक मान-सम्मानज.वर्ना कई नामी ब्यूरोक्रेट हुए हैं, जिनके रिटायरमेंट के बाद उन्हें कोई पूछने वाला भी नहीं हुआ। यदा उनके किए कामों पर चर्चा ज़रूर हो जाती है। वैसे अभी छ्ग लोक सेवा आयोग, मानव अधिकार आयोग, लोक आयोग में भी कुछ रिटायर अफसरों को समायोजित किया जाना तय माना जा रहा है।

महादेव की कृपा अब तो नहीं रही...

MAHADEV
BOOK

छग पुलिस प्रशासनिक सेवा के 2 अफसरा पर महादेव की कृपा बनी हुई थी। भिलाई दुर्ग के महादेव की कृपा के चलते इन पर कुछ बड़े अफसरों की भी कृपा बनी हुई थी यह बात और है कि अब कृपा करनेवाले महादेव के बड़े भक्त ज़ब से दुबई चले गये हैं, ईडी की जाँच शुरू हो गई है,एक वरिष्ठ अफसर की वापसी हो गई है तब से चर्चा तेज है कि दोनों अफसरों के जिले में अदला बदली हो सकती हैज? सावन माह में महादेव की नाराजगी का क्या परिणाम निकलता है इसका इंतजार इनके साथी तथा मातहत अफसर भी कर रहे हैं?

और अब बस...

- » किस संभाग में कमिश्नर और एक कलेक्टर एक ही बैच के आईएएस हैं! दोनों में ठन भी गई है!
- » एक अफसर अपनी करीब डेढ़ दर्जन मौसी और एक मामा से रिश्ता निभाते-निभाते परेशान से हो गये हैं?
- » एसपी की तबादला सूची आखिर किसके कारण रुकी हुई हैज.!
- » ईमानदारी आखिर किस आईजी को भारी पड़ गई?

एक नजर

अदरक की कीमत 300 के पार, हरी सब्जियों के भाव अभी भी आसमान पर

रायपुर, 13 अगस्त। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थानीय स्तर पर आवक कम होने से अदरक का थोक भाव बढ़कर भी 250 प्रति किलो के पार हो गया है. वहीं फुटकर में 280 से 300 रुपए किलो की दर से लोगों को अच्छी अदरक मिल पा रही है। आमतौर पर 30 से 40 रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाले नए अदरक की कीमत भी थोक में 160 रुपए प्रति किलो है. सब्जी कारोबारियों का कहना है कि मौजूदा समय में लोकल अदकर की आवक काफी कम हो गई है. किसानों के पास भी अब बड़ा भंडार नहीं है. अब काफी कम उपलब्धता है. पुराने अच्छे अदरक की कीमत तीन सौ से अधिक है, जबकि सड़ने की कगार पर पहुंच चुके निम्न गुणवत्ता वाले अदरक की कीमत थोक कीमत भी ढाई सौ रुपए प्रति किलो पहुंच गई है. मौजूदा समय में बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली अदरक कभी कभार ही पहुंच रहा हैं. नए अदरक का भाव भी आसमान में होने के चलते लोगों को इसके जायके के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है. वर्तमान समय में टमाटर की कीमत अभी भी 250 से 280 रुपए किलो के बीच बनी हुई है. अन्य हरी सब्जियों का भाव अभी भी आसमान पर हैं. मूली और साग सब्जियों को छोड़कर शेष सभी सब्जियों की कीमत 40 रुपए से अधिक है।

हाईवा ने मासूम बच्चे को रौंदा

रायपुर, 13 अगस्त। सिलतरा स्थित पेपरिको कंपनी के सामने एक तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मासूम बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिलतरा स्थित पेपरिको कंपनी के पास रहने वाला लक्ष्मीचंद मनहरे 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल दोपहर उसका 5 वर्षीय पुत्र पियूष मनहरे घर के सामने रोड पार कर रहा था। तभी हाइवा क्रमांक सीजी 04 एचपी 1993 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हाइवा चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

ग्रामीण विधानसभा में संकल्प शिविर के साथ चुनावी शंखनाद

2023 में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनाने कार्यकर्ताओं को कराया गया संकल्पित

रायपुर, 13 अगस्त। कांग्रेस का बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संकल्प शिविर राजधानी रायपुर के ग्रामीण विधानसभा के बिरगांव स्थित गुरुकुल स्कूल में रखा गया था संकल्प शिविर शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बंजारी माता के मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माथा टेककर माता से आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात संकल्प शिविर की शुरुआत हुई जिसमें प्रमुख रूप से प्रभारी सचिव डॉ. सप्तगिरि उल्का, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज मौजूद थे। यह संकल्प शिविर प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में होगा।

संभागीय सम्मेलन विधानसभा स्तर पर पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद कांग्रेस अब बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कर रही है। संकल्प शिविर में बूथ प्रबंधन, भूपेश सरकार की उपलब्धियां, भाजपा की जनविरोधी नीतियों पर भी नेताओं ने जानकारी दी। वही संकल्प शिविर के साथ चुनावी शंखनाद भी हो गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 2018 में हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीन चौथाई की सरकार बनी थी इस बार उससे आगे भी जाना है कांग्रेस सरकार लगातार जनहितैषी कार्य कर रही हैं जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है कांग्रेस सरकार पर लोगों ने भरोसा बताया तभी 15 साल की सरकार 15 सीटों पर सिमट कर रह गई आज भाजपा के पास बताने के लिए कुछ नहीं बचा है सिर्फ झूठ के सहारे उनकी राजनीति चल रही है लगातार महंगाई बढ़ाने का काम केंद्र की भाजपा सरकार कर रही है जबकि राज्य सरकार लगातार लोगों के जेब में पैसा पहुंचाने का काम कर रही है।जब हम आम जनता को किसी प्रकार की राहत के लिए कुछ देते हैं तो वह रेवड़ी कहते हैं और वह जब उद्योगपति को बांट रहे हैं वह किसी रबड़ी से कम नहीं है। हमने सबको जोड़ने का काम किया सबको शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार होना चाहिए बोलने की स्वतंत्रता होनी चाहिए यह अधिकार किसने दिया कांग्रेस पार्टी ने दिया सबकी भाईचारा प्रेम की बात कौन करता है कांग्रेस पार्टी करता है हम प्रेम और

भाईचारे पर विश्वास रखते हैं हम जोड़ने का काम करते हैं वे तोड़ने का काम करते हैं।

भाजपा हमेशा नफरत फैलाने का काम करती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक ने कहा कि हमने 15 साल की सरकार देखी है और साढ़े 4 साल की सरकार भी देख रहे हैं उन्होंने सिर्फ 15 साल में जूता ,चप्पल और मोबाइल बांटा जबकि हमारी सरकार सीधे तौर पर लोगों को लाभ पहुंचा रही है युवाओं को नौकरी दी जा रही है चपरासी से लेकर अधिकारी तक कि भर्तियां निरंतर की जा रही है कांग्रेस सरकार का मकसद सिर्फ सत्ता पाना नहीं है शांति लाना हमारी पहली प्राथमिकता है छत्तीसगढ़ को आबाद करने कांग्रेस की सरकार आई है कांग्रेस का कार्यकर्ता आज हर घर में जाकर कांग्रेस के लिए वोट मांगेगा तो उसका सिर झुकेगा नहीं क्योंकि राज्य सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है जिसका लाभ उन्हें मिला है। वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सरकार ने अच्छा कार्य किया है और इन कार्यों का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है भाजपा सिर्फगाय के नाम पर राजनीति करती थी।

आज भूपेश बघेल की सरकार में गौठानों के माध्यम से गायों की अच्छी देखभाल हो रही है । वही विधायक की कार्यशैली और सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर सैकड़ों लोगों ने भाजपा से कांग्रेस प्रवेश किया है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर जिला प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, महापौर नंद लाल देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी,सभापति कृपाराम निषाद आदि मौजूद थे।

इंदिरा बैंक घोटाले में 34 कर्जदारों को नोटिस

रायपुर, 13 अगस्त। राज्य के चर्चित इंदिरा प्रियदर्शनी महिला नागरिक सहकारी बैंक घोटाला में 47 साल बाद बड़ी कामयाबी मिली है। गलत तरीके से लोन लेने वाले एक उद्योगपति ने कोर्ट में साढ़े 28 लाख रुपए का चेक जमा किया है। मामले की पैरवी कर रहे सरकारी वकील संदीप दुबे ने आने वाले दिनों में फर्जी तरीके से लोन लेने वाले और उद्योगपतियों द्वारा रकम जमा कराए जाने की संभावना व्यक्त की है। कोर्ट ने इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले से जुड़े 34 उद्योगपति- कारोबारियों सहित बैंक प्रबंधन से जुड़े लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। कोर्ट के नोटिस के बाद बैंक घोटाले के प्रमुख आरोपी जगदलपुर निवासी नीरज जैन, उमेश सिन्हा तथा मीना आडिल कोर्ट में उपस्थित हुए। लोक अभियोजक संदीप दुबे के मुताबिक इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला से जुड़े लोगों की शुक्रवार को भूपेश कुमार बसंत की जेएमएफसी कोर्ट में सुनवाई हुई। घोटाले के प्रमुख आरोपी नीरज जैन वर्ष 2009 के बाद से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे, वो आज कोर्ट में उपस्थित होने के बाद कोतवाली थाना पहुंचे।

पीएमकेएसके भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता हैः मंडाविया

रायपुर, 13 अगस्त। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47 प्रतिशित आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा।

इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान , प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है।

पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है।

श्री राजस्थान ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
सभी राशियों के रत्न व उपरत्न उपलब्ध
पुरोहित बाड़ा के पास बूढ़ापारा, रायपुर
फोन-320067,9425519051

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23